yashbharat.co.in
हर वक्त की ताजा खबरों के लिए विजिट करें
नये जमाने के साथ..
# यश भारत
शनिवार, 22 जुलाई, 2023


# विकास लगातार
# मोदी जी - शिवराज सरकार



# विकास पर्व

## कृषि विकास - किसान सहायता - तब और अब

| | 2003 | 2023 |
|---|---|---|
| प्रदेश की विकास दर | 4.43% | 16.43% |
| कृषि विकास दर | 03% | 18.89% |
| प्रति व्यक्ति आय | ₹ 11 हजार | ₹ 1.40 लाख |
| सिंचाई | 7 लाख हे. | 45 लाख हे. |
| कृषि उत्पादकता | 1195 कि.ग्रा. प्रति हे. | 2421 कि.ग्रा. प्रति हे. |
| कुल खाद्यान्न उत्पादन | 159 लाख मैट्रिक टन | 619 लाख मैट्रिक टन |
| समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन | 2 लाख मैट्रिक टन | 70 लाख मैट्रिक टन |
| धान उपार्जन | 3.4 लाख मैट्रिक | 46.29 लाख मैट्रिक टन |
| फसल बीमा लाभ | कोई योजना नहीं | 1.74 करोड़ से अधिक किसान ₹27626 करोड़ का लाभ |
| नुकसान राहत | कोई योजना नहीं | जनहानि ₹4 लाख<br>पशु हानि ₹6-30 हजार<br>मकान क्षति ₹3 हजार-1 लाख<br>फसल क्षति ₹5- 30 हजार प्रति हे. |



## सिंचाई सुविधाओं का विस्तार

**माइक्रो इरीगेशन और सूक्ष्म सिंचाई से पैदावार और किसानों की आय में लगातार वृद्धि। मौसम पर निर्भरता हुई कम**



- सिंचाई क्षेत्र 7 लाख हेक्टेयर से बढ़कर हुआ 45 लाख हेक्टेयर। 2025 तक 65 लाख हेक्टेयर का लक्ष्य
- 'पर ड्रॉप मोर क्रॉप' के विचार पर सिंचाई परियोजनाओं और नहरों का जाल
- प्रेशराइज्ड पाइप प्रणाली आधारित 125 सिंचाई योजनाएं निर्माणाधीन
- लघु, मध्यम एवं वृहद कुल 5,249 सिंचाई परियोजनाएं निर्मित
- **मोहनपुरा-कुण्डालिया परियोजना-** ₹8 हजार 500 करोड़ की इस परियोजना से 2 लाख 85 हजार हेक्टेयर सिंचाई क्षमता विकसित
- **केन-बेतवा लिंक परियोजना-** बुंदेलखंड क्षेत्र में ₹44 हजार 600 करोड़ की इस महत्वाकांक्षी परियोजना में बांध, लिंक नहर तथा बिजली उत्पादन का लक्ष्य। परियोजना का कार्य प्रगति पर
- **अमृत सरोवर-** ग्रामीण इलाकों में जल संचयन और खेती के लिए पर्याप्त मात्रा में जल के लिए अमृत सरोवर योजना। 4500 से अधिक अमृत सरोवरों का निर्माण पूर्ण

D-11066

प्रकाशक : म.प्र. माध्यम/2023

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी


yashbharat.co.in
हर वक्त की ताजा खबरों के लिए विजिट करें
# यश भारत
नये जमाने के साथ..
● वर्ष- 17 अंक 171- ● जबलपुर ● शनिवार, 22 जुलाई, 2023 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● प्रथम श्रावण मास शुक्ल पक्ष 6 ● विक्रम संवत् 2080 शके 1935

"रुकावटें जिंदा इंसानों के नसीब में ही आती है, जनाजों के लिए तो सभी रास्ता छोड़ देते हैं। लक्ष्य प्राप्ति के लिए निरंतर सकारात्मक कर्म करते रहिए..."



टीम इंडिया में कभी ... पेज 7

### आज का मौसम
आज सुबह का तापमान



25.9 डिसे

दोपहर 12 बजे तक 30. डिसे

हल्की बारिश के आसार

## » न्यूज गैलरी

### नासा का मार्स हेलीकॉप्टर मंगल ग्रह पर नई उड़ान भरेगा

लॉस एंजिल्स ● एजेंसी
yashbharat.co.in

नासा के मार्स हेलीकॉप्टर की शनिवार को मंगल ग्रह (रेड प्लानेट) पर एक नई उड़ान भरने की उम्मीद है। एजेंसी ने यह जानकारी दी है। नासा एजेंसी के अनुसार हेलीकॉप्टर को अपनी नई उड़ान में 10 मीटर की ऊंचाई तक पहुंचने और 203 मीटर की यात्रा करने के लिए लगभग 137 सेकंड लेने की उम्मीद है। जो मंगल ग्रह पर यह 53वीं उड़ान है। इनजेन्युटी मार्स हेलीकॉप्टर 18 फरवरी, 2021 को मंगल ग्रह के जेज़ेरो क्रेटर पर पहुंचा, जो नासा के पर्सविरंस रोवर से जुड़ा हुआ था। यह हेलीकॉप्टर पहली बार किसी अन्य ग्रह पर संचालित उड़ान का परीक्षण करने के लिए टेक्नोलॉजी प्रदर्शन पर जा रहा है। नासा के अनुसार हेलीकॉप्टर को एक बार में लगभग 300 मीटर की दूरी और सतह से लगभग तीन से 4.5 मीटर की दूरी 90 सेकंड में उड़ान भरने के लिए डिज़ाइन किया गया था।

### सीमा हैदर और सचिन की तबीयत बिगड़ी

नई दिल्ली ● एजेंसी
yashbharat.co.in

सीमा हैदर और सचिन मीणा की तबीयत बिगड़ गई है. दोनों घर पर हैं, उन्हें ग्लूकोज चढ़ाया जा रहा है. बताया जा रहा है कि सीमा से मिलने के लिए एक वकील घर पर पहुंचे हैं. बता दें कि सीमा और सचिन दोनों से यूपी एटीएस पूछताछ कर चुकी है. इसके बाद जब दोनों घर पहुंचे तो पुलिस की मौजूदगी में कल दोनों ने मीडिया से बात की थी। यूपी एटीएस के सवालों के जवाब में सीमा हैदर ने कहा है कि उसने कोई भी बात छिपाई नहीं. सब सच-सच बताया है. सीमा ने कहा कि वो सिर्फ अपने प्यार के लिए बगैर वीजा भारत आई है।

### जोधपुर में तेज बारिश में बाइक संग युवक बहा, महाराष्ट्र-गुजरात में बारिश का अलर्ट

# करगिल-उत्तरकाशी में बादल फटा, लैंडस्लाइड में दबी गाड़ियां

नई दिल्ली ● ईएमएस
yashbharat.co.in

उत्तरकाशी और करगिल में देर रात बादल फटा है। यमुनोत्री हाईवे पर लैंडस्लाइड हो गया। कई गाड़ियां दब गई। वहीं स्कूलों में भी मलबा जमा हो गया। बच्चों को सुरक्षित निकाल लिया गया। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों में देहरादून, उत्तरकाशी, टिहरी, पौडी और नैनीताल में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। SDRF और फायर ब्रिगेड की टीम तैनात की गई हैं। उधर राजस्थान के जोधपुर और बीकानेर में भारी बारिश हुई है। जोधपुर की एक गली में पानी के तेज बहाव में बाइक, स्कूटी और सवार बह गए। यहां 2 घंटे में 66.8 एमएम बारिश हुई। महाराष्ट्र के पालघर, मुंबई, ठाणे, रायगढ़ और रत्नागिरी में बारिश का ऑरेंज अलर्ट है। रायगढ़ के इर्शालवाडी में लैंडस्लाइड से मरने वालों की संख्या 22 हो गई है, वहीं 86 लोग लापता हैं।दिल्ली में एक बार फिर यमुना का जलस्तर खतरे के निशान को पार कर गया। हिमाचल में भी 22 जुलाई तक भारी बारिश का अनुमान है। ओडिशा के 15 जिलों में अगले 24 घंटे भारी बारिश का अलर्ट है।





### कई गांव का संपर्क टूट गया

पौड़ी के थलीसैंण में शुक्रवार शाम बादल फट गया. इससे मलबा सड़कों पर आ गया. रास्ते बाधित हो गए. इसके अलावा यमुनोत्री और बदरीनाथ मार्ग को भी बंद कर दिया गया. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक 85 से ज्यादा संपर्क मार्ग मलबा आने से बंद हो गए हैं. इसके अलावा 200 से ज्यादा गांवों का संपर्क टूट गया है. वहीं चमोली में पहाड़ों में लगातार हो रही बारिश के चलते राष्ट्रीय राजमार्ग 109 गैरसैंण से कर्णप्रयाग के बीच में कालीमाटी में बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है, जिसके बाद यहां आवाजाही पूरी तरह से बंद हो गई है. वहीं भारी लैंडस्लाइड होने के कारण हल्द्वानी-नैनीताल नेशनल हाइवे बंद हो गया है।



### हरिद्वार में उफान पर गंगा

पहाड़ों पर लगातार हो रही बारिश और श्रीनगर बांध से छोड़े गए पानी के चलते गंगा का जलस्तर लगातार खतरे के निशान को चूम रहा है. हरिद्वार जिले का एक बड़ा इलाका पानी-पानी नजर आ रहा है. गंगा का बढ़ता जलस्तर लोगों को डरा रहा है. गंगा फिलहाल हरिद्वार में खतरे के निशान से एक मीटर नीचे है लेकिन हरिद्वार के निचले इलाकों में बाढ़ का पानी फैल चुका है. गंगा में सहायक नदियों से लगातार पानी आ रहा है. इसी को देखते हुए एनडीआरएफ की टीम को अलर्ट पर रखा गया है.

## महाकाल मंदिर में घुसा पानी, उज्जैन के स्कूलों में आज अवकाश

उज्जैन में भारी बारिश से हालात बिगड़ गए हैं। महाकाल मंदिर के गणेश और नंदी मंडपम में बारिश का पानी भर गया। शनिवार को भी भारी बारिश के अलर्ट के कारण उज्जैन कलेक्टर ने नर्सरी से 12वीं तक के सभी सरकारी और प्राइवेट स्कूल्स में अवकाश घोषित किया है। गंभीर नदी में लगातार पानी बढ़ रहा है। गंभीर बांध के गेट नंबर-3 को 50 सेंटीमीटर खोलकर पानी छोड़ा जा रहा है।खराब मौसम के कारण रात दिल्ली - भोपाल की इंडिगो फ्लाइट इंदौर डायवर्ट करना पड़ी। इस फ्लाइट से केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर भोपाल आ रहे थे। वे दिल्ली से शाम 7.40 बजे इंडिगो की फ्लाइट से भोपाल के लिए रवाना हुए थे। इंदौर पहुंचने पर बाय रोड भोपाल आए।मौसम विभाग ने आज 13 जिलों में भारी बारिश की संभावना जताई है। 39 जिलों में हल्की बारिश की संभावना है। सीनियर मौसम वैज्ञानिक एचएस पांडे ने बताया कि बंगाल की खाड़ी, नॉर्थ आंध्र प्रदेश, साउथ ओडिशा पोस्ट पर सिस्टम एक्टिव हैं। इनका असर मध्यप्रदेश में भी है। साउथ छत्तीसगढ़ में साइक्लोनिक सर्कुलेशन है। एक मानसून ट्रफ लाइन कोटा, रायसेन, सिवनी, रायपुर, ओडिशा होते हुए गुजर हो रही है। पूर्वी-पश्चिमी हवाएं भी आपस में मिल रही हैं। इस कारण दक्षिण मध्यप्रदेश से लगे इलाकों में इसका असर है। इन सभी सिस्टम की वजह से प्रदेश में बारिश का दौर जारी है।



### 13 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट

#### 24 घंटे में कैसा रहा मानसून

भोपाल में भी देर रात गरज - चमक के साथ तेज बारिश हुई। कोलार डैम के दो गेट खोले गए। हरदा में पहाड़ी नदी स्यानी उफान पर है। जिले की सिराली तहसील के पहटकला गांव में नदी किनारे बना श्याम सिंह बाबा मंदिर डूब गया। इसका केवल शिखर दिखाई दे रहा है। तेज बारिश होने से सीहोर के कोलार डैम के 2 गेट खोल दिए गए हैं। नर्मदापुरम में तेज हवा के कारण पेड़ गिर गया। इसके नीचे दबकर एक महिला की मौत हो गई। पिपरिया में एक कार नदी के तेज बहाव में बह गई। कार सवार एक युवक लापता हो गया। सीहोर जिले के इछावर में निचले इलाकों में पानी भर गया। 45 गांव का संपर्क जिला मुख्यालय से टूट गया है। पार्वती, सीप और कोलार नदी उफान पर आ गई। इंदौर-भोपाल सड़क मार्ग कुछ समय के लिए बंद रहा।

## मणिपुर के दरिंदों की धरपकड़ जारी, गिरफ्त में एक और आरोपी

### बड़े स्तर पर चल रहा तलाशी अभियान




नई दिल्ली ● एजेंसी
yashbharat.co.in

मणिपुर में दो महिलाओं को नग्न घुमाने के भयावह मामले में मणिपुर पुलिस ने एक और व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। वायरल वीडियो में देखे जा रहे एक दर्जन संदिग्धों की तलाश के लिए बड़े पैमाने पर छापेमारी जारी है। मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने कहा है कि वह व्यक्तिगत रूप से तलाशी अभियान की निगरानी कर रहे हैं। मामले में संलिप्तता को लेकर मुख्य आरोपी हुइरेम हीरोदास मैतेई समेत चार अन्य को कल तक गिरफ्तार कर लिया गया। अब इस कड़ी में एक और आरोपी गिरफ्तार किया गया है। इस बीच पेची गांव की महिलाओं ने कल एक संदिग्ध के घर में आग लगा दी थी। राज्य के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने शुक्रवार को कहा कि राज्य के लोग महिलाओं का सम्मान करते हैं और उन्हें 'माता के समान' मानते हैं, लेकिन जिन उपद्रवियों ने मई में आदिवासी महिलाओं पर हमला कर उन्हें निर्वस्त्र किया, उन्होंने राज्य की 'छवि को धूमिल' किया है। सिंह ने कहा, ''मणिपुर के लोग महिलाओं को माता के समान मानते हैं, लेकिन कुछ बदमाशों ने यह हरकत की तथा हमारी छवि को धूमिल किया। हमने इस घटना की निंदा करने के लिए राज्यभर में घाटी एवं पहाड़ी दोनों ही क्षेत्रों में विरोध का आह्वान किया हैं।

#### चारों आरोपी 11 दिन की पुलिस हिरासत में

इससे पहले मणिपुर में दो महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाने की घटना को लेकर शुक्रवार को विरोध प्रदर्शन तेज होने के बीच इस मामले में गिरफ्तार चारों आरोपियों को 11 दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस ने बताया कि थोउबल जिले की एक अदालत ने चारों आरोपियों को 31 जुलाई तक के लिए पुलिस हिरासत में भेज दिया है। मणिपुर में लगभग एक हजार लोगों की हथियारबंद भीड़ ने कांगपोकपी जिले के एक गांव पर हमला किया और मकानों में लूटपाट की, उनमें आग लगाई, हत्या की तथा दो महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाया। इन महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाने का वीडियो सामने आने के बाद पूरा देश आक्रोशित है और घटना के विरोध में जगह जगह प्रदर्शन किए जा रहे हैं। इस मामले में 21 जून को एक प्राथमिकी दर्ज की गई थी। इसमें आदिवासी महिलाओं के अपहरण और उनसे शर्मनाक बर्ताव से पहले हुए जुल्म की दास्तां का उल्लेख है।

## एक परमाणु हमला करेंगे, पूरे उत्तर कोरियाई शासन का अंत हो जाएगा

### किम जोंग को सबसे बड़ी धमकी

नई दिल्ली ● ईएमएस
yashbharat.co.in



दक्षिण कोरिया ने अपने पड़ोसी देश उत्तर कोरिया को बड़ी चेतावनी दी है। दक्षिण कोरिया ने कहा है कि वह एक परमाणु हमला करेगा और किम जोंग उन के नेतृत्व वाले पूरे शासन का च्अंतज्ञ हो जाएगा। योनहाप समाचार एजेंसी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। दक्षिण कोरिया की चेतावनी ऐसे समय में आई है जब अमेरिकी परमाणु-सक्षम पनडुब्बी उसके यहां तैनात की गई है। दक्षिण कोरिया से पहले किम जोंग उन ने धमकी देते हुए कहा था कि यहां अमेरिकी परमाणु-सक्षम पनडुब्बी और अन्य रणनीतिक हथियारों की तैनाती का मतलब है कि उनका देश भी परमाणु हथियारों का इस्तेमाल कर सकता है। योनहाप समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, उत्तर कोरिया के रक्षा मंत्री कांग सुन-नाम ने पिछले दिन दक्षिण कोरिया में 18,750 टन की अमेरिकी परमाणु पनडुब्बी के आगमन पर तीखे प्रतिक्रिया दी थी। साथ ही इसने इस सप्ताह दक्षिण कोरिया-अमेरिका परमाणु सलाहकार समूह (एनसीजी) की उद्घाटन बैठक की भी आलोचना की थी।

#### कोम जोंग उन प्रशासन भड़का

अमेरिका ने अपने मित्र देश दक्षिण कोरिया में 18,750 टन की ओहियो श्रेणी की परमाणु बैलिस्टिक मिसाइल पनडुब्बी (एसएसबीएन) यूएसएस केंटकी भेजी है। इससे कोम जोंग उन प्रशासन भड़का हुआ है। उत्तर कोरिया चेतावनी दे रहा है। उत्तर कोरिया के बाद अब दक्षिण कोरिया के रक्षा मंत्रालय ने फिर से चेतावनी जारी की है। दक्षिण कोरिया के रक्षा मंत्रालय ने कहा, दक्षिण कोरिया-अमेरिका गठबंधन के खिलाफ अगर उत्तर कोरिया परमाणु हमले करता है तो हम तत्काल, जबरदस्त और निर्णायक प्रतिक्रिया देंगे। (हम) फिर से चेतावनी देते हैं कि एक परमाणु हमला करेंगे और पूरे उत्तर कोरियाई शासन का अंत हो जाएगा।

#### क्यों खास है यूएसएस केंटुकी पनडुब्बी?

यूएसएस केंटुकी पनडुब्बी मंगलवार को दक्षिणपूर्वी बंदरगाह शहर बुसान पहुंची थी। ओहियो क्लास की यूएसएस केंटकी पर उत्तर कोरिया के पूरे शस्त्रागार से अधिक परमाणु हथियार तैनात हैं। यह पनडुब्बी परमाणु शक्ति संचालित है। यह पनडुब्बी 20 ट्राइडेंट II डी-5 बैलिस्टिक मिसाइल से लैस है। ट्राइडेंट-II परमाणु बैलिस्टिक मिसाइल की अधिकतम रेंज लगभग 12,000 किमी तक है। इस पनडुब्बी की लंबाई 560 फीट और डिस्प्लेसमेंट 18,750 टन है। इसी परमाणु पनडुब्बी पर सवार होने के बाद दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति ने कहा कि इसकी तैनाती हमारी विस्तारित निरोध क्षमताओं को मजबूत करने के लिए अमेरिका और दक्षिण कोरिया की इच्छा को दर्शाती है। दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यून सोक योल की यूएसएस केंटुकी की यात्रा, अमेरिका के सहयोगी देश के किसी राष्ट्र प्रमुख का पहला दौरा है।

## हाईकोर्ट में 75 फीसदी जज जनरल कैटिगरी से बने

#### 5 साल का है आंकड़ा, ओवैसी ने पूछा था सवाल

नई दिल्ली ● ईएमएस
yashbharat.co.in

साल 2018 से 17 जुलाई 2023 तक हाईकोर्ट में 604 जज नियुक्त किए गए हैं। इनमें से 458 जज च्जनरलज्ञ कैटिगरी के हैं। यह खुलासा संसद में केंद्रीय कानून एवं न्याय व संसदीय कार्य राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने किया। मेघवाल संसद सदस्य और ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी के सवाल का जवाब दे रहे थे। ओवैसी ने हाईकोर्ट में जजों की नियुक्ति में कमजोर वर्गों के असमान प्रतिनिधित्व को लेकर सवाल पूछा था। ओवैसी ने पूछा था, क्या यह सच है कि सभी हाईकोर्ट में पिछले पांच वर्षों के दौरान नियुक्त किए गए 79 प्रतिशत जज ऊंची जातियों से थे जो पिछड़ों और अल्पसंख्यकों के असमान प्रतिनिधित्व का संकेत देते हैं? इस पर मेघवाल ने लोकसभा को बताया कि पिछले पांच वर्षों में नियुक्त 604 हाईकोर्ट के जजों में से 72 अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) कैटिगरी के हैं, 18 अनुसूचित जाति (SC) कैटिगरी के हैं, और केवल नौ अनुसूचित जनजाति (ST) कैटिगरी के हैं।

## देश के आयुध कारखानों में प्रतिनियुक्ति में एक वर्ष की वृद्धि के संकेत


### 1 अक्टूबर को दो साल पूरे हो रहे निगमीकरण पर रक्षामंत्री कर सकते हैं घोषणा




जबलपुर ● यशभारत
yashbharat.co.in

देश भर में फैली 48 आयुध निर्माणियों का निगमीकरण होने के बाद सात निगमों में विभाजित होने और उनके दो वर्ष पूरे होने के बाद इन निगमों में कार्यरत सुरक्षा कर्मचारियों को दो वर्ष के लिए मानित प्रतिनियुक्ति पर रक्षा मंत्रालय ने निर्णय लिया था। आगामी 30 सितंबर को आयुध निर्माणियों के कर्मचारियों की प्रतिनियुक्ति अवधि पूरी होने जा रही है । इसको लेकर कर्मचारियों में उत्सुकता और जिज्ञासा का वातावरण बना हुआ है।इसी बीच सोशल मीडिया पर वायरल हुए मेसेज में बताया गया कि रक्षामंत्री ने सुरक्षा निर्माणियों की प्रतिनियुक्ति में एक वर्ष की वृद्धि कर सकते हैं। इस संबंध में बीपीएमएस के राष्ट्रीय महासचिव मुकेश सिंह ने बताया कि रक्षामंत्री ने भेंट के दौरान यह जानकारी दी है। श्री सिंह ने कहा कि उन्हें रक्षामंत्रालय से अवगत कराया कि रक्षामंत्री ने डीम्ड डेपुटेशन एक साल बढ़ा सकते हैं। वहीं आईएनडीडब्लूएफ की ओर से कोई अधिकृत प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। दूसरी ओर एआईडीईएफ के संयुक्त सचिव रविंद्र रेड्डी ने रक्षामंत्री के फैसले से असहमति जताई है। एआईडीईएफ द्वारा जारी परिपत्र में कहा गया है कि ज्ञात हुआ है कि सोशल मीडिया पर एक संदेश प्रसारित किया गया है कि आयुध निर्माणियों के कर्मचारियों की मानी गई प्रतिनियुक्ति को 01अक्टूबर2023 से एक वर्ष की अवधि के लिए आगे बढ़ा दिया गया है। यह बिल्कुल स्वाभाविक है कि कैबिनेट के निर्णय के अनुसार यदि कर्मचारियों से कोई विकल्प नहीं मांगा गया तो सरकार द्वारा मानी गई प्रतिनियुक्ति अवधि को बढ़ाना होगा। इसलिए इस पर खुश होने की कोई बात नहीं है.। इस संबंध में स्थिति बहुत स्पष्ट है हमने पहले ही रक्षा मंत्रालय को लिखित रूप में सूचित कर दिया है, जैसा कि आयुध कारखानों के निगमीकरण के खिलाफ एआईडीईएफ द्वारा दायर मामले में माननीय उच्च न्यायालय के समक्ष भारत सरकार द्वारा लिखित रूप में आश्वासन दिया गया था, सरकार को एक अधिसूचना प्रकाशित करनी चाहिए कि सभी कर्मचारी जो 7 आयुध निर्माणी निगमों के साथ प्रतिनियुक्ति पर हैं, वे केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए उपलब्ध सभी लाभों के साथ सेवा से उनकी सेवानिवृत्ति / सेवानिवृत्ति तक केंद्र सरकार के कर्मचारी / रक्षा नागरिक कर्मचारी बने रहेंगे।

## दिल्ली की बंगाली मार्केट मस्जिद और तकिया बब्बर शाह को रेलवे का नोटिस ...15 दिन के अंदर हटा लें


NOTICE

नई दिल्ली ● ईएमएस
yashbharat.co.in

रेलवे ने दिल्ली की दो बड़ी मस्जिदों बंगाली मार्केट और आईटीओ स्थित तकिया बब्बर शाह को नोटिस दिया है. रेलवे ने नोटिस में दोनों मस्जिद प्रशासन को 15 दिन के अंदर अतिक्रमण हटाने के लिए कहा है. वरना एक्शन लेने की चेतावनी भी दी है. रेलवे ने जो नोटिस जारी किया है, उसमें कहा- 15 दिन के अंदर अतिक्रमण हटा लें, वरना आकर हटाएंगे. वहीं, मस्जिद कमेटी का कहना है कि ये सैकड़ों साल पुरानी है. लेकिन रेलवे कह रहा है ये उनकी जमीन पर बनी है। उत्तर रेलवे प्रशासन की तरफ से ये नोटिस जारी किया गया है. इसमें लिखा है- रेलवे भूमि को अनाधिकृत रूप से अतिक्रमित किया हुआ है. आप लोग अनाधिकृत रूप से रेलवे की जमीन पर बने अनाधिकृति भवन/मंदिर/मस्जिद/मजार को इस सूचना के 15 दिन के अंदर स्वेच्छा से हटा दें, अन्यथा रेलवे प्रशासन एक्शन लेगा. रेलवे अधिनियम के प्रावधान के तहत अनाधिकृत कब्जे को हटा दिया जाएगा. इस प्रक्रिया में होने वाले नुकसान के लिए आप स्वयं जिम्मेदार होंगे. रेलवे प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं होगी.। स्जिद तकिया बब्बर शाह के सेक्रटरी अब्दुल गफ्फार के मुताबिक, ये मस्जिद करीब 400 साल पुरानी है. इसी मस्जिद के बगल में बने एमसीडी के मलेरिया दफ्तर को भी रेलवे ने खाली करने का नोटिस दिया है. यहां नोटिस चस्पा कर दिया गया है।

सौगात | मुख्यमंत्री गाडरवारा, नरसिंहपुर में विकास पर्व में शामिल हुए

## प्रदेश में हर व्यक्ति की जिंदगी बेहतर बनाने के लिये प्राण-प्रण से प्रयास



भोपाल ● यशभारत
yashbharat.co.in

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि मैं प्रदेश में हर व्यक्ति की जिंदगी बेहतर बनाने के लिये प्राण-प्रण से प्रयास कर रहा हूँ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारत के लिये भगवान का वरदान हैं। उन्होंने पूरी दुनिया में भारत का मान-सम्मान और प्रतिष्ठा बढ़ाई है। आज चारों ओर विकास और जन-कल्याण के कार्य हो रहे हैं। एक परिवार की तरह सरकार चल रही है, जिसमें हर सदस्य का पूरा ध्यान रखा जाता है। समाज के हर वर्ग के कल्याण के लिये कार्य किये जा रहे हैं। हर शासकीय कर्मचारी की बेहतरी का ध्यान रखा जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि आँगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के साथ ही सहायिकाओं का भी मानदेय बढ़ाया गया है। शीघ्र ही अतिथि शिक्षकों और आशा बहनों की समस्याओं के समाधान के लिये भी सम्मेलन बुलाया जायेगा। रसोइया बहनों का भी ध्यान रखा जायेगा।

### बहन ललिता के घर पहुँच कर चाय पी

मुख्यमंत्री श्री चौहान गाडरवारा में जनदर्शन के दौरान विवेकानंद वार्ड निवासी श्रीमती ललिता बाई के घर पहुँचे। चर्चा में श्रीमती ललिता ने बताया कि उनके पति और बड़े बेटे की मृत्यु हो चुकी है। घर कच्चा है और परिवार की आर्थिक स्थिति भी ठीक नहीं है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने उन्हें घर बनाने के लिये तत्काल ढाई लाख की सहायता राशि का चेक सौंपा। श्रीमती ललिता बाई ने कहा कि च्आज भैया शिवराज ने मुझे जो स्नेह दिया है, वह मैं कभी भी भूल नहीं सकती।ज्ज उन्होंने श्री चौहान को आत्मीयता से चाय पिलाई। बहन का अपने प्रति स्नेह देख मुख्यमंत्री श्री चौहान भाव-विभोर हो गये। जन-दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री श्री चौहान निरंजन वार्ड में नेत्रहीन बालिका संतोष मेहरा से मिले। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने उसे स्वेच्छानुदान से 50 हजार रूपये की राशि प्रदान की और अधिकारियों को निर्देश दिये कि उसकी आँखों की जाँच करवा कर हर संभव इलाज कराया जाये। वे श्रीमती सरस्वती सोनझरिया और अन्य बहनों से भी मिले। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने उन्हें आश्वस्त किया कि उनकी जो भी समस्या होगी उसका त्वरित निराकरण किया जायेगा।

## » न्यूज गैलरी

### 26 से होगी एमबीबीएस और बीडीएस में प्रवेश के लिए काउंसलिंग

**भोपाल (ईएमएस)।** प्रदेश के सरकारी और निजी मेडिकल और डेंटल कालेजों में प्रवेश के लिए काउंसलिंग का कार्यक्रम चिकित्सा शिक्षा संचालनालय ने जारी कर दिया है। 26 जुलाई से प्रवेश के लिए अभ्यर्थियों के पंजीयन शुरू होंगे। पहले चरण के लिए सीटों का आवंटन सात अगस्त को होगा। प्रदेश के 14 सरकारी और 11 निजी मेडिकल कालेजों की एमबीबीएस की चार हजार से अधिक एमबीबीएस सीटों में इस वर्ष प्रवेश होंगे।पहली बार इतने कालेज शामिल हो रहे हैं। काउंसलिंग की तैयारी संचालनालय ने नीट यूजी परिणाम आने के साथ ही कर ली थी, लेकिन आल इंडिया कोटे की सीटों का काउंसलिंग कार्यक्रम नहीं आने की वजह से इसमें देरी हुई। जल्द ही एमडी-एमएस और एमडीएस का काउंसलिंग कार्यक्रम भी जारी हो सकता है। कॉलेजों में प्रवेश के लिए काउंसलिंग कार्यक्रम के तहत पंजीयन 26 से 31 जुलाई तक, सीटों की जानकारी 26 से 27 जुलाई तक, सीटों को लेकर आपत्तियों का निराकरण 28 जुलाई को, राज्य की प्रावीण्य सूची का प्रकाशन एक अगस्त को होगा, पसंदीदा कालेज का विकल्प दो से चार अगस्त तक दे सकेंगे, सीट आवंटन सात अगस्त को होगा और कालेजों में प्रवेश आठ से 14 अगस्त को होगा।

### आठ महीने बाद भी केंद्रीय मंत्री की घोषणा पर नहीं हुआ अमल

**भोपाल (ईएमएस)।** प्रदेश के देवास शहर में करीब आठ महीने पूर्व केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी द्वारा की गई घोषणा पर आज तक अमल नहीं हो पाया है। श्री गडकरी ने घोषणा की थी कि 60 किलोमीटर के दायरे में मात्र एक टोल टैक्स रहेगा। बाकी टोल तीन माह में बंद कर दिए जाएंगे, लेकिन अभी टोल टैक्स बंद नहीं किए गए हैं। दो टोल इंदौर बायपास, तीसरा बालगढ़, चौथा भौंरासा, पांचवां मक्सी रोड, छठा नवाखेड़ा, सातवां धर्मपुरी, आठवां चिंतामन गणेश और नौवा टोल घटिया में निर्माणाधीन है। 10वां टोल बांगर के पास बन रहा है। 60 किलोमीटर के दायरे में कुल मिलाकर 10 टोल हो जाएंगे। केंद्रीय मंत्री द्वारा की गई अपनी ही घोषणा पर अमल नहीं किया जा रहा है। सरपंच संघ के पूर्व अध्यक्ष एवं पूर्व जनपद सदस्य मोहन सिंह चंदाना ने बताया कि इंदौर के किसानों की देवास में, देवास के किसानों की उज्जैन में, उज्जैन के किसानों की जमीनें हैं। यहां खेती-किसानी के लिए किसानों का आना-जाना लगा रहता है। चंदाना ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान व क्षेत्रीय सांसद महेंद्रसिंह सोलंकी से टोल टैक्स बंद कर किसानों, व्यापारियों व डेली अपडाउन करने वाले नौकरीपेशा वर्ग को शीघ्र राहत प्रदान करने की मांग की गई है। चंदाना ने कहा कि जब वाहन लाते समय वाहनों का आजीवन रोड टैक्स जमा करवाया जाता है तो फिर अलग से टोल टैक्स क्यों लिया जाता है। किसानों, व्यापारियों के साथ नौकरीपेशा वर्ग को भी डेली अपडाउन में टोल टैक्स का आर्थिक बोझ पड़ रहा है।

### कर्मचारी भविष्य निधि संगठन क्षेत्रीय कार्यालय में योग सत्र सम्पन्न

**भोपाल(ईएमएस)।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल में 9 वे अंतराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में एक माह तक योग प्रशिक्षण सत्र आयोजन किया गया आज समापन सत्र योग गुरु आचार्य महेश अग्रवाल के मार्गदर्शन में संपन्न किया गया। जिसमे उनके द्वारा योग से सम्बंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई और उसके पश्चात प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता एवं पुरुस्कार वितरण किया गया। इस अवसर पर विनय कुमार क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त प्रोमिला सिंह सहायक भविष्य निधि आयुक्त दीपक तोमर, राजेश तलरेजा, आलोक कुलश्रेष्ठ, कृष्ण कुमार खरे, पुनीत जैन, महेश आसवानी, पवन पेरिया, संध्या पिल्लई, सृष्टि श्रीवास, मनोज साहू, रविन्द्र गंगभोज, अमन काशिव, शील साहू, मनोज प्रेमानी, रत्नेश जोशी, किशोर शर्मा, आलोक शर्मा एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहें।योग गुरु महेश अग्रवाल ने कहा कि योगविद्या भारतवर्ष की सबसे प्राचीन संस्कृति और जीवन पद्धति है तथा इसी विद्या के बल पर भारतवासी प्राचीनकाल में सुखी, समृद्ध और स्वस्थ जीवन बिताते थे।

---

### धांधली: लाड़ली बहना योजना का पैसा लेने पहुंचा पति

# पता चला पत्नी को पहले से मिल रही विधवा पेंशन

**भोपाल,यशभारत।** रायसेन के वार्ड एक में रहने वाले एक व्यक्ति ने नगर पालिका की राजस्व शाखा में जमकर हंगामा किया। उसने नपा के कम्प्यूटर तोड़ दिए, टेबल का कांच फोड़ दिया। घटना गुरुवार दोपहर करीब एक बजे की है। आरोपित पत्नी को लाड़ली बहना योजना का लाभ ना मिल पाने से नाराज था। उसने नपा कर्मचारियों से जब इसका कारण पूछा, तो पता चला कि उसकी पत्नी को विधवा पेंशन मिल रही है। जानकारी के अनुसार रायसेन के वार्ड एक में रहने वाले खूबचंद शाक्य की पत्नी भागवती को पिछले दो माह से लाड़ली बहना की राशि नहीं मिल रही है। खूबचंद ने नगर पालिका के कई चक्कर काटे। इस महीने भी खाते में लाड़ली बहना की राशि नहीं आई, तो वह नगर पालिका पहुंच गया। उसने यहां समग्र आइडी में पत्नी की केवाइसी संबंधित जानकारी ली। कर्मचारियों को बताया कि उसकी पत्नी को एक हजार रुपये नहीं मिल रहे हैं। कर्मचारियों ने समग्र पोर्टल पर जांच की और बताया कि पत्नी को विधवा पेंशन मिल रही है। इस बात से खूबचंद गुस्से में आ गया। उसने कहा कि वह जब जिंदा है, तो उसकी पत्नी को विधवा पेंशन कैसे मिल सकती है। ये नगर पालिका की गलती है, इससे वह और उसकी पत्नी परेशान हो रहे हैं। खूबचंद की सुनवाई नहीं हुई तो गुरुवार को वह फिर नपा पहुंचा और तोड़फोड़ कर दी। हंगामा देख नपाअध्यक्ष प्रतिनिधि जमना सेन भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने खूबचंद को समझाइश देते हुए उसे कार्यालय से बाहर किया।



#### लोहे की रॉड लेकर पहुंचा था

नगर पालिका कर्मचारियों ने बताया कि खूबचंद शाक्य हाथों में लोहे की रॉड लेकर आया था। उसने जैसे समग्र पोर्टल पर जानकारी ली, उसी दौरान कम्प्यूटर पर रॉड मारने लगा। उसने दो कम्प्यूटर के मॉनीटर तोड़ दिए, वहीं टेबिल पर रखा कांच फोड़ दिया। तोड़फोड़ के दौरान वहां मौजूद अन्य कर्मचारियों ने खुद को बचाते हुए उसे काबू में किया। कम्प्यूटर तोड़ने से समग्र पोर्टल, पेंशन आदि का काम प्रभावित हुआ। नपा कर्मचारी मनुकांत चौरसिया ने बताया कि उसके हमले से कर्मचारी भी बाल-बाल बचे थे।

#### दो माह से हो रहे परेशान

पुलिस आरोपित खूबचंद को पकड़कर थाने ले गई, जहां उसकी पत्नी भागवती भी मौजूद थी। भागवती ने बताया कि उन्होंने लाड़ली बहना का फॉर्म भरा था, लेकिन दो माह से उनके खाते में राशि नहीं आई। जब वह बैंक जाती है, तो वहां से नपा भेज देते हैं, जब नपा आती हैं तो यहां कोई जानकारी नहीं देते।

#### मेरे पति जिंदा, नपा नहीं कर रही सुधार

भागवती ने बताया कि नगर पालिका के कम्प्यूटर पर उनका नाम डालने पर विधवा पेंशन हितग्राही बता रहा है, जो गलत है उनके पति जिंदा हैं और उन्होंने कभी पेंशन के लिए आवेदन नहीं किया। इसकी शिकायत भी की लेकिन नगर पालिका में कोई सुनता ही नहीं है। समग्र आइडी में उनके पति और तीन बच्चों के भी नाम हैं, फिर भी इसकी गलती को सुधारा नहीं जा रहा।

पुलिस ने अलग-अलग धाराओं में केस किया दर्ज नपा कर्मचारी अभिषेक रघुवंशी, मनुकांत चौरसिया, अजब सिंह, अवधेश बहादुर, शिवप्रसाद विश्वकर्मा ने लिखित में कोतवाली पुलिस को इसकी शिकायत की। वहीं नपा उपयंत्री भी थाने पहुंचे थे।

# प्रदेश सरकार को केंद्र की भाजपा ने किया टेकओवर : पूर्व सीएम दिग्विजय

**भोपाल(ईएमएस)।** मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने कहा है कि मप्र भाजपा को तो केंद्र भाजपा चला रही है, मप्र भाजपा तो घर बैठी है, उन्होंने मणिपुर हिंसा मामले पर चिंता जताते हुए दो महिलाओं को निर्वस्त्र घुमाने वाले वीडियो की निंदा की है, कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने मणिपुर मामले में पीएम मोदी के बयान पर भी सवाल उठाये।ग्वालियर चंबल संभाग में चुनाव का शंखनाद करने आ रही कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी की 21 जुलाई को ग्वालियर में होने वाली विशाल सभा के लिए राज्य सभा सदस्य एवं पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ग्वालियर में हैं। उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा कि मणिपुर में तीन महीने से अशांति है, दो ऐसे समुदाय जो भारत की सेना में कंधे से कंधा मिलकर देश की सेवा करते थे, रक्षा करते थे आज एक दूसरे के दुश्मन बन गए हैं ये हालात बेहद चिंताजनक हैं।दिग्विजय सिंह ने मणिपुर में दो महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाने और उनके साथ अमानवीय कृत्य किये जाने की निंदा की, उन्होंने इस मामले में पीएम मोदी के बयान पर भी सवाल उठाये। दिग्विजय ने कहा कि पीएम ने बयान देते समय घटना की गंभीरता को ध्यान में नहीं रखा, वे सावन और इधर उधर की बातें करते रहे फिर इस गंभीर मुद्दे पर बोले।कांग्रेस के राज्य सभा सांसद दिग्विजय सिंह ने एक सवाल के जवाब में कहा कि पीएम को संसद के दोनों सदनों में विपक्ष को सुनना चाहिए औ र्मनिपौर पर विस्तार से बात करनी चाहिए और जवाब देना चाहिए कि आखिर सरकार हिंसा रोकने क एलिए क्या कर रही है, दिग्विजय ने कहा कि हालाँकि अपनी आदत के मुताबिक पीएम आज जो बोल चुके अब शायद ही मणिपुर पर बोले लेकिन फिर भी हमें उनसे अपेक्षा है कि वे बताएँगे।



# भोपाल के दो साइकिल राइडर लेह लद्दाख की दस दिनों की साहसिक यात्रा करेंगे

भोपाल, यशभारत। भोपाल के प्रतिष्ठित साइक्लिंग ग्रुप ग्रीन प्लेनेट बाय साइकिल राइडर एसोसिएशन के दो सदस्य दस दिनों की लेह साइकिल अभियान पर जाएंगे। इसमें महेश कुमार खुराना और अखिल कामदार शुक्रवार को इस अभियान के लिए रवाना होंगे। यह दोनों सदस्य अपने शरीर को लेह के वातावरण के अनुसार ढालने के लिए दो दिन लेह में बिताएंगे। इसके बाद तीसरे दिन से साइकिल से दुर्गम पहाड़ों पर यात्रा शुरू करेंगे। अगले पांच दिनों में यह चंगथांग प्लटु में स्थित मोरीरी झील तक पहुंचेंगे। यह झील भारत में साफ स्वच्छ पीने योग्य पानी की उच्चतम उचाई पर स्थित झीलों में से एक है, इस दुर्गम झील तक पहुंचने का सफर तय करने के बाद दोनों साइकिलिस्ट वापस लेह पहुंचेंगे।एक दिन लेह में विश्राम करने के बाद अगले दिन दोनों साइकिलिस्ट खरडुंग ला दअरे तक साइकिल से पहुंचेंगे। खारदुंग ला दर्रा लेह से 40 किलोमीटर दूर समुद्र तल से 17582 फीट (5359 मीटर) की ऊंचाई पर सियाचिन ग्लेशियर जाने के लिए प्रमुख मार्ग है। पूर्व में इसे वर्ल्ड हाईएस्ट मोटरेबल रोड का दर्जा भी प्राप्त था। लेह से मोरिरि झील तक जाने के लिए कुल 285 किलोमीटर की यात्रा साइकिल से तय की जाएगी। इस दौरान ये दोनों ही साइकिलिस्ट लेह-उपशि-चूम थांग-नमशंग ला दर्रा (4850 मीटर)से होते हुए मोरिरि झील तक जाएंगे।इसके बाद तीन अगस्त को वापस भोपाल लौटेंगे।



# आरोपी को मौके पर ले जाकर पुलिस ने किया रिक्रिएशन



#### हवलदार की बेटी हत्या मामला

भोपाल, यशभारत। रातीबड़ इलाके में 18 वर्षीय छात्रा की उसके ही दोस्त द्वारा चाकुओं से गोदकर हत्या के मामले में पुलिस छानबीन करते हुए साक्ष्य जुटाने में जुटी है। इस मामले में आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसने हत्या का कारण छात्रा पर शंका करना बताया है। उसको लगता था कि उससे दोस्ती के बाद छात्रा ने किसी और से भी दोस्ती कर ली है और उससे लगातार मोबाइल पर चैट करती है।इस कारण से उसने गुस्से में आकर उसकी हत्या कर दी।

आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर देर रात मौके पर ले जाकर घटना का रिक्रिएशन करते हुए यह पता लगाने की कोशिश की कि उसने किस तरह वारदात को अंजाम दिया। इस दौरान उसके साथ कोई और व्यक्ति तो नहीं था।हम बता दें कि रातीबड़ इलाके में एनएलयूआइ की बाउंड्रीवाल के पीछे एक युवती का शव पड़ा होने की सूचना पुलिस के पास पहुंची थी, इस पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर युवती का शव देखा और एक युवक को भागते समय पकड़ा। बाद में उस युवक की पहचान यश तिवारी और युवती की शिनाख्त नेहरूनगर की रहने वाली निशु उर्फ निक्की के रुप में की। उसके पिता गौत्म नगर थाने में हवलदार है। आरोपित से पूछताछ में उसने हत्या करने की बात कबूल कर ली। उसने बताया कि युवती उसकी अच्छी दोस्त थी। दोनों में कई बातों पर खुलकर बात होती थी। आरोपित को शक था कि युवती उसके अलावा किसी और युवक से भी दोस्ती किए हुए हैं। इस कारण से दोनों के बीच में बातचीत बंद हो गई थी। इसी को लेकर युवती को आरोपित ने मौके पर बुलाया और उस पर चाकू से ताबड़तोड़ प्रहार कर हत्या कर दी। इस पूरी घटना के साक्ष्य मजबूत करने यह नाट्य रुपातंरण पुलिस ने कराया है।




### मप्र वनरक्षक भर्ती घोटाला में व्यापमं कांड के कर्ताधर्ता रहे पंकज त्रिवेदी सहित 11 आरोपित बरी

भोपाल यशभारत। व्यापम कांड के कर्ताधर्ता रहे तत्कालीन परीक्षा नियंत्रक पंकज त्रिवेदी सहित 17 आरोपित वनरक्षक भर्ती परीक्षा-2013 मामले में बरी हो गए हैं। इस मामले की जांच कर रही सीबीआइ ने पर्याप्त साक्ष्य के अभाव में अपनी क्लोजर रिपोर्ट भोपाल स्थित विशेष न्यायालय में प्रस्तुत की थी, जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया है।मामले में अन्य आरोपितों के विरुद्ध न्यायालय ने अभियोजन (ट्रायल) शुरू कर दिया है। परीक्षा में गड़बड़ी कर कई अपात्रों को भर्ती कराने के मामले में स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने प्रकरण कायम किया था। इसके बाद व्यापम (व्यावसायिक परीक्षा मंडल अब कर्मचारी चयन मंडल) के अन्य मामलों के साथ ही यह मामला भी जांच के लिए सीबीआइ को स्थानांतरित हो गया था।सीबीआइ ने लगभग छह वर्ष जांच के बाद अगस्त 2019 में वनरक्षक भर्ती परीक्षा के मामले में इन आरोपितों के संबंध में क्लोजर रिपोर्ट पेश की थी। बता दें कि जांच एजेंसी ने इस प्रकरण में 60 से अधिक लोगों को आरोपित बनाया था।जिन्हें बरी किया गया है उनमें कांग्रेस नेता संजीव सक्सेना, पंकज त्रिवेदी, राघवेंद्र सिंह तोमर, अजय श्रीवास्तव उर्फ रिंकू, तरंग शर्मा, अजय शंकर मेहता, भूपेंद्र श्रीवास्तव, प्रहलाद सिंह, रामशेष शर्मा, राजेंद्र सिंह गुर्जर, इंद्रभान सिंह, ओम प्रकाश शुक्ला, अभिजीत सिंह पवार, जितेंद्र सिंह रघुवंशी, संतोष गुप्ता, दिलीप गुप्ता, सत्येंद्र राय, केहर सिंह और मोहनलाल सेन शामिल हैं। इनके अलावा पूर्व मंत्री लक्ष्मीकांत शर्मा, रामनरेश यादव, मोहन सिंह गिरनार, धनराज यादव और अजय सिंह पवार की मृत्यु होने के कारण पहले ही उनके विरुद्ध अभियोजन समाप्त किया जा चुका है।

# युवतियों और ट्रैक्टर रखने वाले परिवारों की महिलाओं के 25 जुलाई से लिए जाएंगे आवेदन

**भोपाल (राज्य ब्यूरो)।** 21 वर्ष से अधिक एवं 23 वर्ष के कम उम्र की युवतियां और ट्रैक्टर रखने वाले परिवारों की महिलाएं 25 जुलाई से 20 अगस्त तक लाड़ली बहना योजना के आवेदन जमा कर पाएंगी।10 सितंबर को एक हजार रुपये की पहली किस्त जमा होगीइनमें से पात्र हितग्राहियों के बैंक खातों में 10 सितंबर को एक हजार रुपये की पहली किस्त जमा कराई जाएगी। योजना में पात्रता की आयु में संशोधन के बाद गुरुवार को महिला एवं बाल विकास विभाग ने आवेदन की समयसारणी जारी कर दी है। इस बार लाड़ली बहना पोर्टल के माध्यम से आनलाइन आवेदन लिए जाएंगे। सरकार का दावा है कि इससे 18 लाख युवतियां-महिलाएं लाभान्वित होंगी।




#### अनंतिम सूची 21 अगस्त को जारी होगी

प्रमुख सचिव दीपाली रस्तोगी ने कलेक्टरों को निर्देश दिए हैं कि पात्र हितग्राहियों के व्यवस्थित तरीके से आवेदन कराएं। आवेदन करने वाली युवतियों और महिलाओं की अनंतिम सूची 21 अगस्त को जारी की जाएगी। 26 से 29 अगस्त तक आपत्तियों की जांच और निराकरणइसी दिन से 25 अगस्त तक आपत्तियां ली जाएंगी और 26 से 29 अगस्त तक आपत्तियों की जांच और निराकरण किया जाएगा। 31 अगस्त को अंतिम सूची जारी होगी। इनमें से पात्र महिलाओं के बैंक खातों में 10 सितंबर को एक हजार रुपये की पहली किस्त आएगी। इसमें 21 वर्ष से अधिक और 23 वर्ष के कम उम्र की अविवाहित युवतियों को नहीं जोड़ा गया है। स्वीकृति पत्र बांटे जाएंगेशहरी क्षेत्रों में वार्ड और ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम पंचायत स्तर पर एक से तीन सितंबर तक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें पात्र हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र बांटे जाएंगे। बता दें कि प्रदेश में अभी एक करोड़ 25 लाख से अधिक महिलाएं योजना का लाभ ले रही हैं। उन्हें अब तक दो किस्तें मिल चुकी हैं।

# पुरानी रंजिश में युवक पर जानलेवा हमला

#### तीन बदमाशों ने घेरकर मारा चाकू

**भोपाल, यशभारत।** एमपीनगर क्षेत्र में गुरुवार रात करीब साढ़े नौ बजे नवोदय अस्पताल के बाहर तीन बदमाशों ने एक युवक को घेर लिया और उस पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। बताया जा रहा है कि घायल युवक और आरोपितों के बीच में पुरानी रंजिश है। पुलिस ने घायल की शिकायत पर एफआइआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। एमपीनगर थाने के एसआइ रंजीत मिश्रा ने बताया कि तुलसी नगर हबीबगंज में रहने वाला 19 साल का अंशुल मेहरा निजी काम करता है। उसका तीन दिन पहले रोहित, आकाश से विवाद हुआ था। दोनों पंचशील नगर में रहने वाले हैं और उनका आपराधिक रिकार्ड भी है। गुरुवार को एक बार फिर दोनों पक्षों नवोदय अस्पताल के बाहर आमना-सामना हो गया। उस वक्त रोहित, आकाश के साथ उनका एक और साथी अभिषेक भी था। तीनों ने मिलकर अंशुल के साथ मारपीट शुरू कर दी। इसी दौरान तीनों में से एक बदमाश ने चाकू निकालकर अंशुल पर हमला कर दिया। इससे अंशुल घायल होकर जमीन पर गिर गया। वारदात के बाद आरोपित चाकू लहराते हुए मौके से फरार हो गए। घायल अंशुल को राहगीरों ने निजी अस्पताल पहुंचाया।

# नगर निगम परिषद की बैठक में फिर सामने आई भाजपा की गुटबाजी

**भोपाल यशभारत।** आइएसबीटी परिसर में स्थित नगर निगम मुख्यालय में गुरुवार को आयोजित परिषद बैठक के दौरान एक बार फिर भाजपा के जनप्रतिनिधियों के बीच खुलकर अंर्तकलह सामने आ गई। दरअसल नेता प्रतिपक्ष द्वारा पूछे गए लोक महत्व के प्रश्नों का जवाब महापौर मालती राय को देना था, लेकिन उन्होंने सदन में एमआइसी सदस्य से जवाब दिलवाने की बात कही। इस पर निगम अध्यक्ष ने कहा कि नियमानुसार जवाब तो महापौर को ही देना होगा, चाहे इसके लिए आप आधे घंटे का समय ले लें। इस पर महापौर बोलीं कि हमने व्यवस्था की है, प्रश्नों का जवाब तो एमआइसी सदस्य मनोज राठौर ही देंगे। इसके बाद गुस्साए अध्यक्ष ने आधे घंटे के लिए सदन स्थगित कर दिया। हालांकि इसके सवा घंटे बाद सदन की कार्रवाई फिर शुरू हुई तब नेता प्रतिपक्ष की सहमति का हवाला देकर लिखित में उत्तर देने की व्यवस्था कर दी गई। इस विवाद के दौरान ऊपर के नेताओं ने भले ही बीच का रास्ता निकालकर टकराव टाल दिया हो, लेकिन मतभेद खत्म नहीं हुए हैं। भोपाल में गुरुवार को नगर निगम परिषद की बैठक के दौरान अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी और महापौर मालती राय के बीच एक सवाल के जवाब को लेकर नोकझोंक हो गई।




#### संबल योजना घोटाले को लेकर नेता प्रतिपक्ष ने पूछा था सवाल

निगम के योजना प्रकोष्ठ में मृत्यु अनुग्रह राशि वितरण में दो करोड़ रुपये का घोटाला सामने आया है। इस मामले में योजना प्रकोष्ठ के सभी सात कंप्यूटर आपरेटरों को सेवामुक्त कर दिया गया है और तत्कालीन छह जोनल अधिकारियों को नोटिस जारी किए गए हैं। अब तक छह जोन में ऐसी 133 फाइलें पकड़में आई हैं। इसी मामले में नेता प्रतिपक्ष शबिस्ता जकी ने लोक महत्व का प्रश्न पूछकर कई बिंदुओं में इस प्रकरण की पूरी जानकारी मांगी थी।

### गाय को बेरहमी से पीटने वाला आरोपित गिरफ्तार

**भोपाल ईएमएस।** गुनगा थाना इलाके के ग्राम हर्राखेड़ा में घास चर रही गाय को लाठी से बेरहमी से पीटने के आरोप में गुरुवार को पुलिस ने हकीम खान को गिरफ्तार कर लिया है। पेट में गंभीर चोट लगने के कारण गाय का गर्भपात हो गया था। विगत सोमवार को हुई इस घटना के अगले दिन गोपालक बटनलाल द्वारा गुनगा थाने में शिकायत दर्ज कराई गई थी। पुलिस ने आरोपित हकीम के खिलाफ धारा-429, पशु क्रूरता अधिनियम के तहत केस दर्ज किया था। इसकी भनक लगने पर आरोपित फरार हो गया था। उसे गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है।हर्राखेड़ा निवासी 65 वर्षीय बटनलाल गौर ने अपने घर में गाय पाल रखी है। दोपहर के समय गाय घर के आसपास चरने जाती है।

**सर्जरी** | अस्थाई रूप से आगामी आदेश पर्यन्त नवीन पदस्थापना

# राज्य प्रशासनिक सेवा के 42 अधिकारियों की नवीन पदस्थापना

**भोपाल, यशभारत।** राज्य शासन द्वारा राज्य प्रशासनिक सेवा के 42 अधिकारियों को प्रशासकीय आधार पर तत्काल प्रभाव से स्थानांतरित करते हुए अस्थाई रुप से आगामी आदेश पर्यन्त नवीन पदस्थापना की गई है। त्रिभुवन नारायण त्रिपाठी को सीईओ जिपं निवाड़ी से अपर कलेक्टर ग्वालियर, रोमोनुस टोप्पो– अपर कलेक्टर कटनी से अपर कलेक्टर शहडोल, शिवगोविंद मरकाम– अपर कलेक्टर बालाघाट से अपर कलेक्टर उमरिया, द्वारिका प्रसाद बर्मन– अपर कलेक्टर सिंगरौली से क्षेत्रीय उपायुक्त भू-अभिलेख रीवा संभाग, महेन्द्र सिंह कवचे– अपर कलेक्टर देवास से अपर कलेक्टर उज्जैन, रोहन सक्सेना– कार्यपालक संचालक मप्र औद्योगिक विकास केंद्र निगम क्षेत्रीय कार्या. इंदौर से सीईओ जिपं निवाड़ी, वृंदावन सिंह–अपर कलेक्टर रायसेन से अपर कलेक्टर सीहोर, मीना मसराम– अपर कलेक्टर मंडला से अपर कलेक्टर निवाड़ी, अभिषेक दुबे– सीईओ जिपं बुरहानपुर से अपर कलेक्टर रायसेन,नरोत्तम प्रसाद भार्गव– अपर कलेक्टर मुरैना से संयुक्त आयुक्त, परिवहन मप्र ग्वालियर, निधि सिंह राजपूत– सीईओ जिपं सिवनी से अपर परीक्षा नियंत्रक मप्र लोक सेवा आयोग इंदौर, माया अवस्थी– अपर कलेक्टर भोपाल से संयुक्त नियंत्रक औषधी प्रशासन मप्र भोपाल, एकता जायसवाल– संयुक्त कलेक्टर उज्जैन से क्षेत्रीय उपायुक्त– भू-अभिलेख सागर संभाग, राजकुमार खत्री– उप सचिव मप्र गृह विभाग से अपर कलेक्टर भिंड, विशाल चौहान– आयुक्त नगर निगम देवास से अपर कलेक्टर मंदसौर, प्रकाश सिंह चौहान– सीईओ जिपं देवास से अपर कलेक्टर भोपाल, सुनीता खंडायत–सीईओ जिपं नरसिंहपुर से उपायुक्त (राजस्व) ग्वालियर संभाग, वीर सिंह चौहान– संयुक्त कलेक्टर बड़वानी से अपर कलेक्टर बुरहानपुर, प्रवीण फुलपगारे– अपर कलेक्टर हरदा से अपर कलेक्टर देवास, जयप्रकाश सैयाम– अपर कलेक्टर भिंड से अपर कलेक्टर बैतूल, श्यामेन्द्र जायसवाल– अपर कलेक्टर बैतूल से उपायुक्त (राजस्व) सागर संभाग, डा. ब्रजेश सक्सेना– अपर कलेक्टर सीहोर से मुख्य महाप्रबंधक मप्र पर्यटन विकास निगम, राजेश राठौर –अपर कलेक्टर इंदौर से कार्यपालक संचालक मप्र औद्योगिक केंद्र विकास निगम क्षेत्रीय कार्या. इंदौर, ओमप्रकाश सनोडिया– अपर कलेक्टर छिंदवाड़ा से अपर कलेक्टर बालाघाट, शैलेन्द्र सिंह – अपर कलेक्टर सतना से अपर कलेक्टर रीवा, रामप्रसाद वर्मा– अपर कलेक्टर मंदसौर से अपर कलेक्टर आगर मालवा, खेमचंद बोपचे– अपर कलेक्टर उमरिया से अपर कलेक्टर छिंदवाड़ा, शाश्वत सिंह मीणा– अपर आयुक्त नगर निगम भोपाल से महाप्रबंधक मप्र राज्य नागरिक आपूर्ति निगम भोपाल, नीलमणि अग्निहोत्री – अपर कलेक्टर रीवा से क्षेत्रीय प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम सतना, नेहा शिवहरे– संयुक्त कलेक्टर धार से प्राचार्य राजस्व प्रशिक्षण शाला इंदौर, अभिषेक गहलोत– अपर आयुक्त नगर निगम इंदौर से जिला भू प्रबंधन अधिकारी देवास, रोशन राय– संयुक्त कलेक्टर विदिशा से आयुक्त नगर निगम देवास, चन्द्र प्रकाश पटेल– संयुक्त कलेक्टर टीकमगढ़ से अपर कलेक्टर अनूपपुर, ॠषि पंवार– संयुक्त कलेक्टर सिंगरौली से अपर कलेक्टर सतना, अंजली शाह– संयुक्त कलेक्टर विदिशा से अपर कलेक्टर मंडला, साधना कमलकांत परस्ते– संयुक्त कलेक्टर कटनी से अपर कलेक्टर कटनी, सुलेखा सुदेश उइके– संयुक्त कलेक्टर मंडला से अपर कलेक्टर सीधी देवेन्द्र कुमार सिंह –संयुक्त कलेक्टर हरदा से अपर कलेक्टर नर्मदापुरम, अरविन्द कुमार झा– संयुक्त कलेक्टर सिंगरौली से अपर कलेक्टर सिंगरौली, राजेन्द्र सिंह रघुवंशी– संयुक्त कलेक्टर आगर मालवा से अपर कलेक्टर इंदौर अश्विनी कुमार रावत– संयुक्त कलेक्टर ग्वालियर से अपर कलेक्टर धार, दिनेश चन्द्र शुक्ला– संयुक्त कलेक्टर शिवपुरी से उपायुक्त भू-अभिलेख ग्वालियर पदस्थ किया गया है। उपरोक्तानुसार नीलमणि अग्निहोत्री द्वारा क्षेत्रीय प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम सतना का कार्यभार ग्रहण करने पर डिप्टी कलेक्टर सतना कमलेश कुमार पांडेय केवल क्षेत्रीय प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम सतना के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त होंगे।




# तामिलनाडू एक्सप्रेस की छत में लीकेज, अंदर कोच में भरा पानी

#### - निजामुद्दीन जाने वाली ट्रेन के एस 1 कोच में बरसाती पानी की धार, यात्री हुए परेशान

भोपाल(ईएमएस)। अगर आप ट्रेन में सफर करने जा रहे हैं, तो ये खबर आपको अलर्ट कर देगी। सफर करते समय साथ में छतरी भी रखे, क्योंकि ये भारतीय रेल है। कमाई की धुन में लगी रेलवे यात्री सुविधाओं को नजरअंदाज किस तरह करती हैं, इसका उदारहण चेन्नई से निजामुद्दीन जाने वाली 12621 तामिलनाडू एक्सप्रेस में देखने को मिला। बुधवार को रात्रि 9.20 को इटारसी से चली इस ट्रेन के एस 1 कोच के अंदर बारिश के पानी की धार बहती रही।एस 1 कोच के बर्थ नबंर 25 से 30 के सोए हुए यात्री उस वक्त अचानक जाग गए, जब ट्रेन इटारसी से चली। उस वक्त इटारसी में तेज बारिश हो रही थी और कोच के अंदर उक्त कुपे वाले हिस्से की छत पर लगे पंखे के बगल से पानी की तेज धार अंदर गिर रही थी। एक जागरुक यात्री ने इसका वीडियो बनाकर रेल मंत्री को भेजने की बात कही। मौके पर पत्रिका रिपोर्टर भी मौजूद रहा।उक्त बर्थ नंबर 28 के नागपुर से दिल्ली जा रहे यात्री ने बताया कि इटारसी से ट्रेन आउटर पार करके जैसे ही पवांरखेड़ा पहुंची, वैसे ही अचानक छत पर लगी पंखे के बगल से बारिश के पानी की धार नीचे गिरने लगी। इससे दोनों तरफ की लोअर और मीडिल बर्थ आधा से अधिक गीली हो गई, वही पानी बर्थ के नीचे जाने से रखे सामान भी गीले हो गए। हालांकि यात्रियों ने इसकी जानकारी ट्रेन के टीसी को तुरंत दी, तो उन्होंने उसी कोच में खाली पड़े बर्थ नबंर 07, 13, 34 और 35 को आवंटित कर दिया।

» न्यूज गैलरी



## मुख्यमंत्री ने तत्काल ढाई लाख रुपये की दी सहायता राशि

**गाडरवारा(यशभारत)** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान अपने गाडरवारा प्रवास के दौरान विवेकानंद वार्ड निवासी श्रीमती ललिता बाई के घर पहुँचे और उनसे चर्चा की। चर्चा के दौरान श्रीमती ललिता ने बताया कि उनके पति और बड़े बेटे की मृत्यु हो चुकी है। घर भी कच्चा है और आर्थिक स्थिति भी ठीक नहीं है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने संवेदनशीलता के साथ उन्हें तत्काल घर बनाने के लिए ढाई लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि का चेक सौंपा। श्रीमती ललिता बाई ने कहा कि आज यहाँ आकर उनके भैया शिवराज ने जो स्नेह दिया है, वह कभी नहीं भूल सकती है। मुख्यमंत्री श्री चौहान को उन्होंने आत्मीय भाव से चाय पिलाई। बहन का अपने प्रति स्नेह देख मुख्यमंत्री श्री चौहान भी भाव विभोर हो गये। इस दौरान प्रदेश के वन मंत्री एवं ज़िले के प्रभारी मंत्री डॉ कुंवर विजय शाह, लोक सभा सांसद राव उदय प्रताप सिंह और अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

## पेंशनर्स के लिए स्वास्थ्य शिविर लगाने संघ ने की मांग

पनागर, यशभारत। उपकार सेवानिवृत्त अधिकार / कर्मचारी संघ मध्यप्रदेश के प्रान्ताध्यक्ष पं0 शिव कुमार दीक्षित ने प्रेस नोट में बताया कि पेशंनर अल्पवेतन भोगी, अनियमित खान पान, पारिवारिक जबावदेही, शारीरिक मानसिक खान पान, शारीरिक आर्थिक परेशानी के चलते गंभीर बीमारियो के शिकार हो जाते है। मध्यप्रदेश शासन व्दारा प्रदेश के साढ़े चार लाख सेवानिवृत्त अधिकारी/ कर्मचारी पेशंनर्स के लिए प्रत्येक जिले में, कलेक्टर के नेतृत्व में अतिशीघ्र स्वास्थ्य शिविर के आयोजन कराये जाये ताकि इनकी निःशुल्क जांचे, आपरेशन दवाईया व मार्गदर्शन का लाभ विशेषज्ञ चिकित्सो से प्राप्त हो सके। संघ के प्रान्ताध्क्ष पं0 शिव कुमार दीक्षित, प्रांतीय महामंत्री व्रजेश कुमार तिवारी, प्रान्तीय कोषाध्यक्ष नरेन्द्र तिवारी, एडवोकेट उमेश चौबे, मुरारी लाल तिवारी, रवि जैन, ओपी पाण्डे, रामभजन पटेल, हरिशंकर शुक्ला, आरडी प्रजापति प्रकाश जैन, चरण लाल सेन, राजेन्द्र सोनी, राजेन्द्र मिश्रा, आदि ने प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री जी से प्रदेश शासन के पेशंनर्स की स्वास्थ्य व्यवस्था की मजबूती के लिए प्रत्येक जिलो में स्वास्थ्य शिविर के आयोजन के आदेश कराने की पुरजोर मांग की है।

## इंजी. रवि शर्मा बने प्रदेश कांग्रेस कमेटी तकनीकी प्रकोष्ठ के कार्यकारी अध्यक्ष

**वरिष्ठ कांग्रेस जनों ने दी शुभकामनाएँ**

**जबलपुर, यशभारत।** विधायक विनय सक्सेना की अनुशंसा पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के निर्देशानुसार, प्रदेश उपाध्यक्ष एवं प्रकोष्ठ प्रभारी जे.पी. धनोपिया द्वारा इं. रवि शर्मा को मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के तकनीकी प्रकोष्ठ का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। रवि शर्मा की नियुक्ति पर शहर के अभियंता समुदाय में हर्ष व्याप्त है। आपकी इस उपलब्धि पर वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं दादा मदन तिवारी, महापौर जगत बहादुर सिंह (अन्नू), पूर्व वित्ती मंत्री तरूण भनोत, अमरीश मिश्रा (एम.आई.सी.सदस्य), डॉ. नीलेश जैन, नवी, पं. सतीश तिवारी, गुड्डू चौबे, कपित श्रीवास्तव, शेखर चौबे, रवि पटेल, प्रवेन्द्र सिंह चौहान, मुन्ना सेन, सुशीम धर, महिला नगर अध्यक्ष श्रीमती कमलेश यादव, श्वेता दुबे एवं अभियंता समुदाय से इंजी. अविनाश पांडे, इंजी. श्रीकांत अग्रवाल, इंजी. सी.एम. अयाची, इंजी. आशीष जैन, इंजी. नितिन दुबे, आर्किटेक्ट विश्व विभव मौर्य सहित प्रैक्टिसिंग इंजिनियर्स एसोसिएशन व कांग्रेस के नेताओं ने बधाईयाँ प्रेषित की।

# उग्र होगा सिहोरा जिला बनाओ आन्दोलन?

**सिहोरा, यशभारत।** सिहोरा को जिला बनाने के लिए चल रहे आंदोलन की आगामी रणनीति के निर्धारण हेतु एक सार्वजनिक बैठक आज 22 जुलाई शनिवार को रात्रि 8 बजे से शिव मंदिर बाबाताल सिहोरा में आयोजित है। इसमें आगे आन्दोलन को और उग्र करने सहित अनेक सुझावों पर गहन मंथन होगा।

**बाबाताल में आज महत्वपूर्ण बैठक**


इतने दिनों से चल रहे आन्दोलन के प्रति शिवराज सरकार का रुख साफ न होने के कारण ही लक्ष्य जिला आन्दोलन समिति को आगे की रणनीति तैयार करने मजबूर होना पडा है। आन्दोलन के बीच में ही सरकार ने अनेक नये जिले बना दिए जिससे भी लोगों में भाजपा सरकार के प्रति काफी नाराजगी है लोग भले ही अपने राजनैतिक दलों की मजबूरी के चलते उस दृष्टि से आन्दोलन में सहभागिता न कर रहे हो पर अंदर ही अंदर भाजपा के प्रति भारी नाराजगी आम जन मानस में भी दिख रही है जो विधानसभा चुनाव में कोई उलटफेर कर दे तो अतिश्योक्ति नहीं होगी। क्योंकि जिला समिति ने इस मांग को पूरा करवाने के लिए नेताओं के तो बहुत चक्कर काट लिए अब उनके पास चार माह बाद होने वाले विधानसभा चुनाव में जबाब देने का अवसर मिलेगा तो वो अपना ज़बाब ईवीएम में बंद करेंगे। भाजपा सरकार बार बार दुसरे नये जिला बनाकर यह साबित कर रही है कि सिहोरा सीट और यहां के निवासी उसके लिए कोई मायने नहीं रखते है अगर मायने रखते होते तो इस जनभावना से जुड़ी मांग को जरुर पूरा कर देती भाजपा को यह मुद्दा चुनाव में कितना भारी पड़ने वाला है इस बात का अंदाजा यहां के भाजपा पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को शायद अभी नहीं है वो अभी तक इस आन्दोलन को हल्के में ही ले रहे हैं ? जहां तक कांग्रेस की बात है तो इस सिहोरा जिले के मुद्दे को उसे चुनाव में कैसे भुनाना है उसकी रणनीति बनाने पर भी वह विचार कर रही है। आज होने वाली बैठक में सभी सिहोरा वासियों,व्यापारी बंधु,राजनैतिक दलों के सदस्य,छात्रों, युवाओं से पहुंचने की अपील लक्ष्य जिला आन्दोलन समिति ने की हैं।



## पीएसएम कॉलेज में हुआ योग प्रशिक्षण का समापन

**जबलपुर, यशभारत।** अप्रशिक्षित योग क्लब प्रभारियों के संभाग स्तरीय आधारभूत योग प्रशिक्षण का समापन पी.एस.एम. जबलपुर के प्रेक्षागृह में संपन्न हुआ। समापन कार्यक्रम में जबलपुर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रशांत श्रीवास्तव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर पी. एस. एम. की प्राध्यापक शकुन्तला वर्मा, कार्यालय संयुक्त संचालक लोक शिक्षण जबलपुर के सहायक संचालक डॉ. डी.के. खरे, संभागीय क्रीड़ा अधिकारी आशा सिसोदिया, योगेश नागले, जिला योग प्रभारी धर्मशीला दुबे, गुंजन श्रीवास्तव, मीरा पाण्डेय मौजूद रहीं। जानकारी के अनुसार विगत 9 मई से आरंभ हुये 5-5 दिन के उक्त प्रशिक्षण में जबलपुर संभाग के 8 जिलों के लगभग 1100 योग शिक्षकों को योग संबंधी प्रशिक्षण विभिन्न योगाचार्यों द्वारा दिया गया। नई शिक्षा नीति में एवं खेलो इण्डिया, फिट इण्डिया मूवमेन्ट में योग को बढावा देने हेतु लेख किया गया है।

# बोर्ड की रजिस्ट्रेशन फीस 4500 जमा करने का मैसेज वायरल




**अजय सत्य प्रकाश स्कूल पनागर के प्रबंधन का मामला**

**जबलपुर,यशभारत।** सोशल मीडिया में इन अजय सत्य प्रकाश स्कूल पनागर का एक मैसेज वायरल हो रहा है जो कि चर्चा का विषय बना हुआ है। वायरल मैसेज में संदेश दिया जा रहा है कि बोर्ड रजिस्ट्रेशन फीस 4500 रुपए जमा करिए नहीं तो 12वीं की परीक्षा का रजिस्ट्रेशन निरस्त हो जाएगा। अजय सत्य प्रकाश स्कूल पनागर में अध्ययनरत विद्यार्थियों के अभिभावकों का कहना है कि सीबीएसई कक्षा 12वीं के रजिस्ट्रेशन की फीस 1500 से 2000 के बीच है लेकिन स्कूल प्रबंधन 4500 वसूल रहा है जो कि सरासर गलत है। इस संबंध में अजय सत्य प्रकाश स्कूल पनागर प्रबंधन से बात करने की कोशिश की गई लेकिन फोन से संपर्क नहीं हो पाया।

## संगीत उत्सव में वरिष्ठजनों का सम्मान आज

जबलपुर,यशभारत। संवेदना सांस्कृतिक आध्यात्मिक सेवा परिषद् एवं शहीद स्मारक सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के संयुक्ता तत्वाधान में संगीत उत्सव का कार्यक्रम शहीद स्मारक प्रेक्षागृह गोल बाजार में शनिवार शाम 6.30 बजे से आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, विशिष्ट अतिथि संतोष बरकड़े. जिला पंचायत अध्यक्ष के रूप में शामिल रहेंगे। कार्यक्रम में 21 पथ प्रदर्शक मार्गदर्शक प्रेरणा स्त्रोत वरिष्ठ जनों का सम्मान किया जाएगा। उक्त जानकारी संस्था के अध्यक्ष डॉ. एलएस मिश्रा, सचिव जेपी गिनारा ने दी है।

# परस्पर सहमति से समझौता समाज के लिए एक अच्छा संदेश: हाईकोर्ट

जबलपुर। हाईकोर्ट ने अपने एक महत्वपूर्ण आदेश में साफ किया कि अन्य प्रकृति के साथ-साथ आपराधिक प्रकरणों में भी यदि उभयपक्षों की परस्पर सहमति से राजीनामा होता है, तो उसका समाज में अच्छा संदेश जाता है। न्यायमूर्ति अनुराधा शुक्ला की एकलपीठ ने इस टिप्पणी के साथ मारपीट के आरोपित अधारताल निवासी अमित तिवारी व पिंटू तिवारी को दोषमुक्त कर राहत प्रदान कर दी। याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता ओमशंकर विनय पांडे व अंचन पांडे ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि याचिकाकर्ताओं को पारिवारिक विवाद था। इसी के चलते मारपीट हो गई। किंतु अधारताल पुलिस ने विधिवत अनुसंधान को गति दिए बिना दूसरे पक्ष के दबाव में हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर लिया था। सेशन कोर्ट में सुनवाई के दौरान हत्या के प्रयास की धारा को घटाकर मारपीट की धारा में तब्दील कर दिया गया। किंतु इसी बीच दोनों पक्षों में आपसी सहमति से राजीनामा हो गया। जिसकी जानकारी सेशन कोर्ट के समक्ष रखी गई। इसके बावजूद सेशन कोर्ट ने आपराधिक प्रकरण में राजीनामा का प्रविधान न होने का बिंदु रेखांकित कर मांग नामंजूर कर दी थी। लिहाजा, हाई कोर्ट की शरण ली गई। सुप्रीम कोर्ट व हाई कोर्ट के न्यायदृष्टांतों के अनुसार राजीनामा के आधार पर आपराधिक प्रकरणों में भी राहत की गुंजाइश रहती है। हाई कोर्ट ने तर्क सुनने के बाद सेशन कोर्ट का पूर्व आदेश अपास्त करते हुए मांग मंजूर कर ली।

### हाईकोर्ट के निर्देश: 90 दिनों के अंदर करें वेयरहाउस के किराये का भुगतान



जबलपुर, यशभारत। मप्र हाईकोर्ट में दायर याचिका विश्व मोहन ,मप्र शासन एवं वेयरहाउस लोजिस्टिक्स कॉरपोरेशन में माननीय न्यायालय ने निर्देशित किया है कि आवेदक के वेयरहाउस के किराये से संबंधित प्रकरण का निराकरण करें। प्रकरण में आवेदक का पक्ष रखते हुए अधिवक्ता सत्येन्द्र ज्योतिषी ने बताया कि आवेदक का स्काईलाइन एग्रो प्राइवेट लिमिटेड अन्तर्गत वेयरहाउस क्रमांक 28.29.30 मण्डला में स्थिति हैं । मप्र वेयरहाउस कॉर्पोरेशन ने अनाज़ भण्डारण के लिये किराये से लिया था। जिसका किराया लगभग 13 लाख रुपये होता हैं जिसका भुगतान नहीं हुआ। आवेदक ने हाइकोर्ट के समक्ष याचिका दायर की थी जिसमें माननीय न्यायालय ने प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए वेयरहाउस कारर्पोरेशन को आदेशित किया हैं 90 दिनों के अंदर किराए भुगतान से सम्बन्धित प्रकरण का निराकरण करें ।

# मुहर्रम: 3 तारीख आज, रोशनी और सजावट से सजे इलाके

**जबलपुर,यशभारत।** हज़रत इमाम हुसैन की शहादत के पर्व मुहर्रम की शनिवार को 3 तारीख है। इमामबाड़ो मे प्रतिदिन जायरीनों का इजाफा हो रहा है। मुहर्रम पर रोशनी व सजावट करने की परंपरा बहुत पुरानी है। नालबंद मुहल्ला, चार खंबा, मोतीनाला, बहोराबाग, मदार टेकरी, अजीजगंज, ठक्कर ग्राम, भान तलैया, फूटाताल, गलगला, गुरंदी, हनुमान ताल, कोतवाली, ओमती घंटाघर, तैयब अली चौक, नया मुहल्ला सहित सदर बाजार की गलियां एवं गढ़ा की मुस्लिम बस्तियों मे सजावट की तैयारियां शुरू हो गई हैं जिससे मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र रोशनी से जगमगा उठे हैं। गढ़ा मुजावर मुहल्ला कादरी नगर मे डॉ. सैय्यद मक़बूल अली कादरी के इमामबाड़े मे रखी जाने वाली सवारी इस वर्ष 161 वर्ष पूर्ण कर रही हैं। इस मौके पर शनिवार रात 9 बजे जल्से का एहतेमाम किया गया है। मरहूम सरदार अली कादरी ( पत्रकार) द्वारा सन 2012 मे 150 वर्ष पूर्ण करने पर आयोजित जल्से का एहतेमाम विगत वर्षो से जारी है। छावनी क्षेत्र सदर मे मुहर्रम की तीन तारीख शनिवार को नूर ए इलाही कमेटी द्वारा बाद नमाज़ मगरिब लंगर का एहतेमाम किया गया है।

### नूरानी सरकार के संदल की तैयारियां तेज

हिंदू मुस्लिम कौमी एकता के प्रतीक बन चुके ज्योति नगर गढ़ा में विक्की पहलवान के इमामबाड़े में हजरत सैय्यद शेरुद्दीन नूरानी वली सरकार के शाही संदल की तैयारियां शुरू हो चुकी है। हर वर्ष के तरह इस वर्ष भी विक्की पहलवान के इमामबाड़े में नूरानी सरकार का शाही संदल धूम धाम से होगा।

# मध्यप्रदेश को मिलेगी प्रथम स्वदेशी न्यूक्लयिर पावर रिएक्टर से बिजली

**एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी ने काकरापार परमाणु विद्युत परियोजना से किया अनुबंध**



**जबलपुर,यशभारत।** एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी ने गुजरात के काकरापार परमाणु विद्युत परियोजना से 218.98 मेगावाट विद्युत क्रय करने का एक पावर परचेस एग्रीमेंट हस्ताक्षरित किया। मतलब अब मध्यप्रदेश प्रथम स्वदेशी न्यूक्लियर पावर रिएक्टर से बिजली मिलेगी। जानकारी के अनुसार पावर परचेस एग्रीमेंट पर एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी के मुख्य महाप्रबंधक (कॉमर्शियल-पारंपरिक) शैलेन्द्र जनार्दन और न्यूक्लियर पावर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड की ओर से काकरापार परमाणु विद्युत परियोजना के डायरेक्टर एस. के. राय ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर पावर मैनेजमेंट कंपनी के महाप्रबंधक आर. वी. सक्सेना एवं काकरापार परमाणु विद्युत परियोजना के महाप्रबंधक ए. के. मिश्रा सहित अन्य वरिष्ठ अभियंता उपस्थित रहे। भारत की प्रथम स्वदेशी निर्मित 700 मेगावाट न्यूक्लियर पावर रिएक्टर को गुजरात के काकरापार परमाणु विद्युत परियोजना (यूनिट-3) में स्थापित किया गया है। इस यूनिट ने 30 जून 2023 को वाणिज्यिक विद्युत उत्पादन शुरू कर दिया है। इस परियोजना की यूनिट-4 से अगले वर्ष फरवरी 2024 से विद्युत उत्पादन प्रारंभ होने की संभावना है।

### सस्ती दर की है परमाणु विद्युत

पावर परचेस एग्रीमेंट के अंतर्गत मध्यप्रदेश को यह बिजली मात्र रूपए 4.40 पैसे प्रति यूनिट (सिंगल पार्ट टेरिफ) की दर से 30 जून से सस्ती दर पर प्राप्त होने लगी है। काकरापार परमाणु विद्युत परियोजना से प्राप्त होने वाली यह बिजली प्रदेश के उपभोक्ताओं को उच्च गुणवत्तापूर्ण विद्युत प्रदाय करने में उपयोगी सिद्ध होगी।

## परीक्षा देने के बाद भी परीक्षा को किया जा रहा अपात्र

जबलपुर ।देश में ये एक मात्र यूनिवर्सिटी होगी जहा छात्र की परिक्षा लेने के बाद उस परीक्षा को अपात्र घोषित किया जा रहा है , एलएलबी पाठ्यक्रम में सुपर एटीकेटी न होने के कारण एक विषय में दुबारा फेल होने पर उसके दो सेमेस्टर को बैक कर दिया जाता है , साथ ही साथ अगले ईयर का एग्जाम भी छात्र दे देता है , लेकिन उसको अपात्र घोषित कर दिया जाता है , जिसका रिजल्ट भीं ओपन नही किया जाता है जिसके कारण उसकी पूरी महाविद्यालय की फीस एवं यूनिवर्सिटी की फीस उसका समय पढ़ाई सब कुछ व्यर्थ चला जाता है , तीन वर्ष का एलएलबी पाठ्यक्रम को पांच वर्ष में ही कंपलीट करना होता है ,
भविष्य अधर में विश्विद्यालय की सिर्फ लापरवाही के कारण छात्रों का भविष्य खराब हो रहा है , जब सेमेस्टर प्रणाली बनाई गई है , की एक साल में दोनो सेमेस्टर करवाना है और रिजल्ट घोषित करना होता है , लेकिन इस यूनिवर्सिटी की लापरवाही ऐसी है की एटीकेटी के एग्जाम लेट करवाते है , और रिजल्ट लेट घोषित करते है एवं पूर्व के साल के दोनो सेमेस्टर कंप्लीट किए बिना ही अगले साल के सेमेस्टर की परीक्षा ले लेते है ,

### रिजल्ट ओपन किए बिना रद्द

पूर्व में आई एटीकेटी में छात्र फेल हो जाता है तो उसका पूरा सेमेस्टर बैक कर देते ।जो अगले साल वाले सेमेस्टर की परीक्षा छात्र देता है उसका रिजल्ट ओपन किए बिना उस परीक्षा को रद्द कर दिया जाता है , ये सिस्टम पूरे मध्य प्रदेश एवं अन्य राज्यों में कही नही हैं, कि परीक्षा देने के बाद परीक्षा का रिजल्ट घोषित किए बिना रद्द कर दिया जाए । ये यूनिवर्सिटी की नाकामी एवं लापरवाही का सबसे बड़ा नमूना है , जिसको बदलना बहुत जरूरी है नही तो हजारों छात्रों का भविष्य खराब हो जाएगा ।

### इनका कहना है

एलएलबी पाठ्यक्रम में सुपर एटीकेटी न होने के कारण एक विषय में दुबारा फेल होने पर उसके दो सेमेस्टर को बैक कर दिया जाता है , साथ ही साथ अगले ईयर का एग्जाम भी छात्र दे देता है , लेकिन उसको अपात्र घोषित कर दिया जाता है , जिसका रिजल्ट भीं ओपन नही किया जाता है छात्रों की फीस साल भर की व्यर्थ जा रही है।

**अंकुश चौधरी, अध्यक्ष**
**ला स्टूडेंट्स एसोसिएशन**

# महिलाएं होंगी सुरक्षित तो पर्यटन होगा विकसित

**बरगी नगर हरदुली के ग्राम पंचायत में कार्यशाला का आयोजन**



जबलपुर,यशभारत। बरगी नगर हरदुली के ग्राम पंचायत सभागार में महिलाओं की सुरक्षा के उद्देश्य से एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन म.प्र. पर्यटन बोर्ड एवं जबलपुर पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद के सहयोग से किया गया। कार्यशाला में बरगीनगर के आसपास की आठ पंचायतों के सरपंच, संबंधित जिला व जनपद सदस्य, विभिन्न विभागों के कार्यकारी तथा पंचायत सचिव उपस्थित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता हरदुली ग्राम पंचायत की सरपंच विश्वदेवी पंचदेव महतो ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में जिला समन्वयक डीएटीसीसी जबलपुर की दीप्ती ठाकुर , विशेष आमंत्रित जनपद सदस्य अशोक पटले एवं बरगी वनक्षेत्र से रेंजर सुश्री वर्षा बिसेन मौजूद रहीं। इस मौके पर डीएटीसीसी की समन्वयक दीप्ती ठाकुर ने सुरक्षा ऑडिट के अवलोकनों को साझा किया और बरगीनगर के पर्यटन क्षेत्रों को जोड़ने के लिए आवागमन के साधनों को बढ़ाने और महिला ई-रिक्शा चालन को आरंभ करने के लिए प्रयासों को समर्थन दिया। चर्चा के दौरान अशोक पटले ने मेट्रो बसों का रात्रि का अंतिम स्टाप बरगी में करने का सुझाव दिया जिससे सुबह की पहली शिफ्ट में जबलपुर जाने वाली महिलाओं को सुविधा मिल सकेगी। साथ ही महिलाओं द्वारा छोटे छोटे स्टाल लगाने की संभावनाओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंत में मिशन लाइफ और पर्यटन मंत्रालय द्वारा आरंभ किए गए ट्रेवल फार लाइफ गतिविधि के अंतर्गत पर्यटन स्थलों की जैवविविधता को संरक्षित के उद्देश्य से बरगीनगर में पौधा रोपित किया गया।

# छोटे-छोटे प्रयासों से एक-दूसरे की करें मदद

**वसुंधरा और आन्या फाउंडेशन ने नेत्रहीन छात्राओं को वितरित की यूनिफॉर्म**

**जबलपुर,यशभारत।** वसुंधरा और आन्या फाउंडेशन के पदाधिकारियों द्वारा भंवरताल नेत्रहीन कन्या विद्यालय में छात्राओं को स्कूल यूनिफार्म वितरित की गई एवं छात्राओं के साथ अशोक का पौधा रोपित किया गया। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष अनुभा शर्मा ने कहा कि हम सब सामाजिक प्राणी हैं और हमारा कर्तव्य एवं जिम्मेदारी बनती है कि हम अपने छोटे-छोटे प्रयासों से एक दूसरे की मदद करें। वहीं संस्था के अरुण गुप्ता ने कहा कि सामाजिक कार्यों में हमारा योगदान होना ही चाहिए यह हमारा नैतिक दायित्व है।



छात्राओं से मिलकर सभी अतिथियों ने हर्ष व्यक्त किया और साथ में पौधारोपण कर कहा कि ऐसे सृजनात्मक कार्य होते रहना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान प्रीति सिंह, किरण ठाकुर ,सुनीता रैकवार तबस्सुम, नंदिनी गुप्ता, राजेंद्र शर्मा, सुलोचना, सोनू , अजय, श्रद्धा शर्मा उपस्थित रहे । अंत में स्कूल प्राचार्य मिश्रा जी ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

# पटपरा डैम में दरार

**कुंडम, यशभारत।** बघराजी से 3 किलोमीटर की दूरी पर स्थित पट परा जलाशय सुनाबल डेम में मुख्य दीबार पर 500 मीटर की लंबाई तक धंसने का खतरा है मेढ के ऊपर दोनों तरफ ट्रैक्टर चलने लायक रास्ता नहीं किनारे कि दोनों साइड पट्टी कट चुकी है बघराजी उपसरपंच प्रणव सोनी एवं एडवोकेट मुकेश ठाकुर पूर्व जनपद अध्यक्ष मनीष सोनी मदन पटेल रोहित साहू एवं ग्रामीणों ने अधिकारी से जल्द ही निरीक्षण कर सुधार करने की मांग की है

## कांग्रेस का सम्मेलन आज

कुंडम, यशभारत। कुंडम में आज मध्य प्रदेश के सहप्रभारी संजय कपूर जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष नीलेश जैन की उपस्थिति में कांग्रेस पार्टी का कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित है।बी एल ए सेक्टर अध्यक्ष मंडलम अध्यक्ष एनएसयूआई युवक कांग्रेश महिला कांग्रेस सेवादल समस्त जिला एवं ब्लॉक के पदाधिकारी समस्त निर्वाचित जिला पंचायत सदस्य जनपद सदस्य सरपंच पार्षद समस्त वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ताओं से उपस्थिति की अपील की गयी है।

# उत्पादन हेतु कठोर श्रम करेंगे लेकिन अन्याय मंजूर नहीं

**जीआईएफ में निलंबन के खिलाफ निर्माणी में एक घंटे देर से प्रवेश**



जबलपुर यशभारत।जीआईएफ में आंदोलन के तीसरे और चौथे दिन परचा वितरण के साथ निर्माणी में एक घंटे देर से प्रवेश किया । पर्चे में तीनों यूनियन ने आरोप लगाया है कि प्रबंधन ने उत्पादन में लागत कम करने के नाम पर सभी कल्याणकारी गतिविधियों को न केवल बंद कर दिया अपितु नये उत्पाद को लेकर नयी रणनीति बनाने में प्रबंधन असफल रहा है और इसका ठीकरा हम कर्मचारियों के सिर पर फोड़ने की साजिश की जा रही है। हम अपनी मेहनत और कठोर श्रम से इस साजिश को कामयाब नहीं होने देंगे।मजदूर यूनियन के अध्यक्ष राजेश पटेल ने बताया कि कर्मचारियों और तीनो महासंघों का समर्थन आंदोलन को मिल रहा हैं निश्चित ही जीत हमारी होगी और हमारे निलंबित कर्मचारियों का निलंबन वापस होगा। कार्यक्रम में कार्यसमिति सचिव राकेश दुबे, , महामंत्री मनोज साहू, राजेंद्र कुर्मी, कमल कुमार अरुणोदय उरमलिया , भूपेन्द्र विश्वकर्मा, जितेंद्र, देवदत्त प्रधान,प्रेमशंकर, । बीपीएमएस से सीई मेम्बर भूपेन्द्र दाहिया,पंकज तिवारी ,मनोज गौंड ,सुशील मालवीय इंटक यूनियन से मुन्ना पटेल आदि मौजूद रहे ।

# नर्सिंग कोर्स की परीक्षा जल्दी संचालित करो नहीं तो राजभवन के सामने करेंगे भूख हड़ताल

**मप्र आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय में नर्सिंग छात्रों का प्रदर्शन**



जबलपुर,यशभारत। नर्सिंग छात्र संगठन भारत के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने छात्रों के साथ मिलकर मध्यप्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय परिसर में प्रदर्शन किया और कुलसचिव को ज्ञापन सौंपकर मांग की कि वर्ष 2020-21 सत्र के पहले वर्ष के नर्सिंग छात्रों की परीक्षाएं संचालित करें जिससे उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ न हो सके। इस दौरान नर्सिंग छात्र संगठन के पदाधिकारियों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द से जल्द नर्सिंग छात्रों की परीक्षाएं संचालित नहीं कीं गई तो उनके द्वारा आने वाले दिनों में राजभवन के सामने भूख हड़ताल की जाएगी। संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि सत्र 2020-21 के नर्सिंग छात्रों की पहले वर्ष की परीक्षाएं अभी तक नहीं हुई हैं। उधर मध्य प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. पुष्पराज सिंह का कहना है कि माननीय हाईकोर्ट के द्वारा अभी नर्सिंग छात्रों की परीक्षाओं पर स्टे लगा हुआ है इस कारण परीक्षाएं संचालित नहीं करवाई जा रहीं हैं जैसे ही स्टे हटता है वैसे ही परीक्षाएं संचालित करते हुए छात्रों के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे।

### एनएसओ छात्र संगठन के बैनर तले नर्सिंग छात्रों ने घेरी मेडिकल यूनिवर्सिटी

**मामा तेरी तानाशाही नहीं चलेगी के लगाए नारे...**

जबलपुर,यशभारत। नर्सिंग छात्रों के वर्ष 2020-21 सत्र की परीक्षाएं संचालित नहीं होने से भड़के एनएसओ छात्र संगठन के बैनर तले नर्सिंग छात्र-छात्राओं की बड़ी संख्या में भीड़ मेडिकल यूनिवर्सिटी जबलपुर पहुंची जहां छात्र-छात्राओं ने उग्र प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने नारे लगाए कि मामा तेरी तानाशाही नहीं चलेगी...नहीं चलेगी ,कुलपति तेरी तानाशाही नहीं चलेगी..नहीं चलेगी..। इस मौके पर पुलिस बल भी मौजूद रहा। प्रदर्शनकारियों की मांग रही कि 2020-21 सत्र के नर्सिंग विद्यार्थियों की परीक्षाएं संचालित जल्द हों।

# टीम इंडिया में कभी वापसी नहीं कर पाएगा ये खिलाड़ी! 13 साल लंबे करियर पर लगा ब्रेक



**नई दिल्ली, एजेंसी।** वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मिली हार के बाद से टीम इंडिया में काफी बड़े बदलाव हुए। कई खिलाड़ियों को टीम से बाहर किया गया वहीं कई नए खिलाड़ियों को टीम में पहली बार जगह मिली। बाहर होने वाले खिलाड़ियों में एक नाम दिग्गज बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा का भी है। पुजारा 2010 के बाद से टीम इंडिया की टेस्ट साइड का एक अहम हिस्सा थे। लेकिन अब टीम में उनकी वापसी काफी मुश्किल नजर आ रही है।

## पुजारा की वापसी हुई मुश्किल

वेस्टइंडीज दौरे पर टीम से ड्रॉप हुए पुजारा के लिए अब फिर से वापसी कर पाना मुश्किल है। पुजारा को लेकर टीम इंडिया के पूर्व बल्लेबाज वसीम जाफर ने भी एक बड़ा बयान दिया। जाफर ने कहा कि चेतेश्वर पुजारा के लिए टेस्ट टीम में वापसी करना भी मुश्किल होगा क्योंकि 2023-25 के विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप चक्र में युवा खिलाड़ियों पर नजर रहेगी। भारत के पूर्व ओपनिंग बल्लेबाज ने कहा कि जहां तक पुजारा की बात है तो मुझे लगता है कि आगे बढ़ना थोड़ा मुश्किल होगा। आपको अगले विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप चक्र के लिए नए खिलाड़ियों को भी देखना शुरू करना होगा। श्रेयस अय्यर और ऋषभ पंत वापस आएंगे। यशस्वी जयसवाल सफल रहे हैं। (शुभमन) गिल तीनों फॉर्मेट में खेलेंगे। मुझे लगता है कि पुजारा के लिए वापसी करना मुश्किल होगा।

## जायसवाल की एंट्री से पुजारा को खतरा

यशस्वी जायसवाल ने अपने डेब्यू मैच में ही बेहतरीन शतकीय पारी खेली। ऐसे में ये खिलाड़ी अब टीम का मुख्य ओपनर बनकर लंबे समय तक खेलता हुआ नजर आ सकता है। वहीं शुभमन गिल को नंबर 3 के लिए तैयार किया जा रहा है। विराट कोहली नंबर चार पर खेलते हैं और अजिंक्य रहाणे को लेकर उन्होंने साफ कर दिया है कि टीम को उनकी जरूरत है। ऐसे में पुजारा के लिए अब मामला मुश्किल लगने लगा है।

## 2010 में किया था पुजारा ने डेब्यू

चेतेश्वर पुजारा ने टीम इंडिया के लिए साल 2010 में टेस्ट डेब्यू किया था। राहुल द्रविड़ के जाने के बाद उन्होंने टीम के अंदर नंबर तीन की भूमिका को बखूबी संभाला। लेकिन पिछले चार साल से ज्यादा का समय हो गया लेकिन वह सिर्फ एक शतक लगा पाए। जनवरी 2019 में उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सिडनी में 193 रनों की पारी खेली थी। उसके बाद दिसंबर 2022 में बांग्लादेश के खिलाफ उन्होंने नाबाद 102 रन बनाए। इसके अलावा इस साढ़े चार साल से ज्यादा के अंतराल में उनके बल्ले से कोई शतक नहीं निकला। पुजारा के नाम 103 टेस्ट मैचों में 7195 रन दर्ज हैं जिसमें 19 शतक और 35 अर्धशतक शामिल हैं। उनका टेस्ट औसत 43 से अधिक का है।

# ये दिग्गज बनने जा रहा है पाकिस्तान का नया चीफ सेलेक्टर

## खेल चुका है 300 से ज्यादा इंटरनेशनल मैच

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पाकिस्तान क्रिकेट में आए दिन कुछ ना कुछ बवाल होता रहता है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड यानी कि बीसीसीआई में कुछ ना कुछ बदलाव होते रहते हैं। इसी बीच पाकिस्तान क्रिकेट को एक नया चीफ सेलेक्टर मिलने जा रहा है। वहीं ये जिम्मेदारी पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर को मिलने जा रही है।



## पाकिस्तान क्रिकेट को मिलने जा रहा नया सिलेक्टर

पाकिस्तान के पूर्व कप्तान और ऑलराउंडर मोहम्मद हफीज राष्ट्रीय टीम के मुख्य चयनकर्ता बनने की दौड़ में सबसे आगे चल रहे हैं। श्रीलंका के मौजूदा दौरे के समाप्त होने के बाद उन्हें मुख्य चयनकर्ता नियुक्त किया जा सकता है। सूत्रों की मानें तो हफीज पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड की क्रिकेट प्रबंधन समिति के नए चेयरमैन जका अशरफ ने उन्हें मुख्य चयनकर्ता नियुक्त करना चाहते हैं, यह पद जून से खाली पड़ा है।

## जका असरफ ने की मुलाकात

सूत्र ने पीटीआई से कहा कि जका ने पूर्व कप्तान राशिद लतीफ और हफीज से मुलाकात की और उनसे मुख्य चनकर्ता बनने के बारे में बात की। राशिद इस पद पर काबिज होने के इच्छुक नहीं थे लेकिन हफीज ने इस पद के लिए अपनी उपलब्धता जाहिर की थी। सूत्र ने कहा कि राशिद भ्रष्टाचार रोधी मुद्दों पर काम करने में ज्यादा इच्छुक थे। हफीज ने पिछले साल संन्यास लेने से पहले पाकिस्तान के लिए 55 टेस्ट, 218 वनडे और 119 टी20 अंतरराष्ट्रीय खेले थे, उन्होंने स्पष्ट किया कि वह मुख्य चयनकर्ता के तौर पर काम करने की चुनौती लेना पसंद करेंगे।

# राहुल के आते ही टीम इंडिया से बाहर हो जाएगा ये खिलाड़ी! बचने के लिए करना होगा ये काम



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय टीम इस वक्त वेस्टइंडीज के दौरे पर है। जहां उन्हें वेस्टइंडीज के खिलाफ दो टेस्ट, तीन वनडे और पांच टी20 मुकाबले खेलने हैं। इस दौरे के लिए भेजी गई टीम इंडिया में कई स्टार खिलाड़ी इंजरी के कारण स्क्वॉड से बाहर हैं। उन खिलाड़ियों में केएल राहुल का भी नाम शामिल है। केएल राहुल इस वक्त अपनी इंजरी से रिकवर कर रहे हैं और बहुत जल्द ही टीम इंडिया में फिर से वापसी कर सकते हैं। वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल से ठीक पहले इंजरी के कारण टीम इंडिया से बाहर हुए केएल राहुल अब काफी तेजी से फिट हो रहे हैं। बीसीसीआई ने शुक्रवार को इंजरी के कारण एनसीए में रिकवर हो रहे पांच खिलाड़ियों का फिटनेस अपडेट दिया। इस अपडेट के अनुसार केएल राहुल वर्ल्ड कप से पहले पूरी तरह से फिट हो सकते हैं। उन्होंने नेट्स पर अपनी बल्लेबाजी भी शुरू कर दी है। ऐसे में वह वनडे मैचों में टीम इंडिया की प्लेइंग 11 में नजर आ सकते हैं। केएल राहुल की वापसी के साथ ही टीम इंडिया से एक खिलाड़ी बाहर किया जा सकता है।

## केएल की वापसी के साथ ही कटेगा इस खिलाड़ी का पत्ता

केएल राहुल को इस साल खेले गए आईपीएल के दौरान इंजरी हुई थी। इसके बाद से उन्होंने न तो आईपीएल का एक भी मैच खेला है न ही टीम इंडिया के लिए वह नीली जर्सी में नजर आए हैं। वनडे टीम में केएल राहुल पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करते हैं। अगर उनकी टीम इंडिया में वर्ल्ड कप से पहले वापसी हो जाती है तो एक खिलाड़ी को स्क्वॉड से बाहर किया जा सकता है। ये खिलाड़ी कोई और नहीं बल्कि संजू सैमसन हैं। केएल राहुल की गैरमौजूदगी में संजू सैमसन को वनडे टीम में शामिल किया गया है। ऐसे में उनकी वापसी के साथ ही संजू का पत्ता कट सकता है।

# पूरी सीरीज बेंच पर बैठे रहे ये 4 खिलाड़ी प्लेइंग 11 में नहीं बनी किसी की जगह

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम इस वक्त वेस्टइंडीज के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज के दूसरे मुकाबले में भिड़ रही है। इस सीरीज का पहला मुकाबला टीम इंडिया ने आसानी से जीत लिया। टीम वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में हार के बाद इस सीरीज में उतरी थी। ऐसे में टीम में कुछ बड़े बदलाव हुए और वेस्टइंडीज सीरीज में कुछ नए खिलाड़ियों को खेलते हुए देखा गया। लेकिन फिर भी इस सीरीज में 4 ऐसे खिलाड़ी भी रहे जोकि बेंच पर ही बैठे रहे।



### 1. रुतुराज गायकवाड़

ओपनिंग बल्लेबाज रुतुराज गायकवाड़ को इस सीरीज के लिए भारतीय टीम में चुना गया था। ये खिलाड़ी रिजर्व ओपनर के तौर पर टीम इंडिया में शामिल किया गया। लेकिन गायकवाड़ को इस सीरीज के दोनों ही मुकाबलों में मौका नहीं मिला। इस सीरीज में ओपनिंग करने के लिए कप्तान रोहित शर्मा और यशस्वी जायसवाल को जिम्मेदारी सौंपी गई। रोहित और जायसवाल ने इस सीरीज में एक शतक और एक हाफ सेंचुरी जड़ी। जिसके चलते गायकवाड़ को मौका नहीं मिला।

### 2. अक्षर पटेल

टीम में तीसरे स्पिन गेंदबाजी ऑलराउंडर के तौर पर शामिल किए जाने वाले अक्षर पटेल को भी इस सीरीज में मौका नहीं मिल पाया। टीम में पहले से रविचंद्रन अश्विन और रवींद्र जडेजा जैसे दो खिलाड़ी शामिल हैं। ऐसे में अक्षर की जगह इस सीरीज में नहीं बन पाई।

### 3. नवदीप सैनी

तीसरा नाम नवदीप सैनी का है। नवदीप सैनी 2021 के बाद से भारत के लिए कोई टेस्ट मैच नहीं खेले हैं। उम्मीद थी कि इस सीरीज में सैनी टीम में वापसी कर सकते हैं। लेकिन दूसरे टेस्ट में तीसरे पेसर के तौर पर मुकेश कुमार को शामिल किया गया।

### 4. केएस भरत

लिस्ट में चौथा नाम केएस भरत का है। भरत को बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के बाद से टीम में जगह मिल रही थी, लेकिन उनका प्रदर्शन बेहद खराब रहा। भरत एक हाफ सेंचुरी तक अपने करियर में नहीं लगा पाए। ऐसे में ईशान किशन को इस दौरे पर टीम में शामिल किया गया।

## रंग संसार

# एसएस राजामौली ने की प्रभास की फिल्म के टीजर की तारीफ

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मोस्ट अवेटेड और बिग बजट फिल्म प्रोजेक्ट के (वर्किंग टाइटल) को अब नया नाम मिल चुका है। प्रभास और दीपिका पादुकोण स्टारर फिल्म को ऑफिशियल टाइटल कल्कि 2898 एडी दिया गया है। इसका ऐलान एक टीजर के साथ किया गया है। इस टीजर ने हर फैन का दिल जीता है वहीं अब प्रभास को बाहुबली बनाने वाले फिल्म निर्देशक एसएस राजामौली ने भी फिल्म के टीजर की तारीफ की है, लेकिन उन्होंने तारीफ के साथ फिल्म को लेकर एक सवाल भी पूछा है।

## क्या बोले राजामौली

नेशनल अवॉर्ड विनर डायरेक्टर नाग अश्विन द्वारा निर्देशित इस फिल्म का टीजर रिलीज के बाद से ही यूट्यूब पर नंबर 1 पर ट्रेंड कर रहा है। फिल्म के टीजर ने बॉलीवुड से लेकर साउथ हर जगह के लोगों को प्रभावित किया है। ऐसे में टीजर देखने के बाद एसएस राजामौली ने भी एक ट्वीट किया है। इस ट्वीट में उन्होंने लिखा है, शानदार काम किया है नागी और वैजयंती मूवीज... भविष्य पर आधारित होने वाली ऑथेंटिक मूवीज बनाना काफी मुश्किल काम है और आप लोगों ने इसे कर दिखाया। डार्लिंग बेहद दमदार लग रहे हैं। सिर्फ एक सवाल है। रिलीज डेट?



## राजामौली के सवाल को फैंस का साथ

इस सवाल के सामने आने के बाद ऐसा लग रहा है, जैसे राजामौली ने वह सवाल कर दिया है जो हर फैन के दिल में था। इसलिए जैसे ही यह ट्वीट सामने आया उसके बाद लोगों ने इसे रीट्वीट करना शुरू कर दिया। सबका यही सवाल है कि आखिर यह फिल्म सिनेमाघरों में कब आएगी। लोग इसका जवाब जानने के लिए बेताब हैं।

## कैसी होगी फिल्म

फिल्म का टाइटल देखते हुए और अब तक फिल्म को लेकर जो जानकारी सामने आई है वह यह है कि यह फिल्म विष्णु भगवान के कलियुग कल्कि अवतार को लेकर एक काल्पनिक कहानी है। कल्कि 2898 एडी में प्रभास एक सुपरहीरो के तौर पर नजर आएंगे। जिसके साथ ही इस फिल्म को हिंदू मायथलॉजी की कथाओं से जोड़कर दिखाया जाएगा। अब तक फिल्म की रिलीज डेट का ऑफिशियल ऐलान अब तक नहीं किया गया है।

# भगवान शिव के किरदार में नजर आएंगे अक्षय



**नई दिल्ली, एजेंसी।** बालीवुड एक्टर अक्षय कुमार भगवान शिव के किरदार में नजर आएंगे। इन दिनों अक्षय और पकंज त्रिपाठी अपनी अपकमिंग फिल्म ओएमजी 2 को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। यह साल 2012 में आई फिल्म ओह माई गॉड का सीक्वल है। इससे पहले एक्टर को भगवान कृष्ण के अवतार में देखा गया था। फिल्म के टीजर के बाद मेकर्स के हाल ही में इसका पहला सॉन्ग ऊंची-ऊंची वादी रिलीज कर दिया है। हाल ही में अक्षय कुमार ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम पर सॉन्ग शेयर किया है, जिसमें पकंज त्रिपाठी भोलेनाथ की अथाह भक्ति करते हुए नजर आ रहे हैं। वहीं अक्षय के रूप में भगवान शिव भी अपने भक्तों के हर सुख-दुख में साथ रहते हैं। इस भक्तिमय गाने को हंसराज रघुवंशी ने अपनी आवाज दी है, जिसे सुनकर दर्शक भक्ति में लीन हो जाएंगे। अमित राय द्वारा निर्देशित इस फिल्म में अक्षय और पंकज त्रिपाठी के अलावा यामी गौतम भी मुख्य किरदार में नजर आएंगी।

# आलिया भट्ट ने पैदा होते ही तय कर दिया था बेटी का भाग्य! बोलीं राहा करेगी ये काम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बॉलीवुड की पॉपुलर एक्ट्रेस आलिया भट्ट को लोग बहुत पसंद करते हैं। एक्ट्रेस फिल्म मेकर्स की पहली पसंद बनी हुई हैं। वो अपने स्टाइल और एक्टिंग से फैंस का दिल जीतने में हमेशा कामयाब रहती हैं। एक्ट्रेस इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी के प्रमोशन्स में जोर-शोर से लगी हुई हैं। इसी प्रमोशन इवेंट के दौरान आलिया भट्ट और उनके को-एक्टर रणवीर सिंह ने स्कूल और पढ़ाई की भी बात की।

## आलिया ने तय किया बेटी का गोल

इस दौरान आलिया भट्ट ने अपनी बेटी राहा को लेकर भी बात की। उन्होंने कहा, जब मैंने अपनी बेटी को ओर देखा तो तय कर लिया और कहा कि तू तो साइंटिस्ट बनेगी। आलिया भट्ट का ये वीडियो सोशल मीडिया पर आते ही झट से वायरल हो गया। वायरल वीडियो को देखने के बाद फैंस भी मजेदार रिएक्शन दे रहे हैं। एक फैन ने लिखा, वो साइंटिस्ट का रोल जरूर निभाएगी। वहीं एक ने लिखा, बस रणबीर जैसी फेक न बने। एक ने तो हद कर दी और



लिखा, साइंटिस्ट बनने के लिए दिमाग होना जरूरी है, जो आता पेरेंट्स से है और तुम तो बिना ब्रेन वाली ब्यूटी हो तो बताओ कैसे होगा।

## रणवीर ने भी बताए थे अपने मार्क्स

इसी प्रमोशन के दौरान रणवीर ने भी अपने गणित के नंबरों को लेकर खुलासा किया था। उन्होंने बताया कि उन्हें मैथ्स में जिरो से भी कम मार्क्स मिले थे। रणवीर ने बात करते हुए कहा, और कोई है जो 100 में से जीरो से भी कम नंबर लाया था? मैं लाया हूं, जिसको मिला था मैथ्स में अंडा, 100 में से जीरो और माइनस10 बात करने की वजह से, इसलिए मुझे सौ में माइनस10 नंबर मिले थे। ये बात उन्होंने हंसते-हंसते लोगों के बीच साझा की। वो ये बताते हुए काफी यादा कॉन्फीडेंट नजर आए।

## इस फिल्म में रणवीर सिंह करेंगे धमाल

बता दें, आलिया भट्ट जल्द ही अपकमिंग फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी में नजर आएंगे। एक्ट्रेस के साथ फिल्म में रणवीर सिंह लीड रोल में हैं। इस फिल्म में धर्मेंद्र और जया बचन भी नजर आने वाले हैं। फिल्म को करण जोहर डायरेक्ट कर रहे हैं। लंबे वक्त के बाद करण जोहर कोई फिल्म डायरेक्ट करते नजर आएंगे। फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो चुका है, जो लोगों को काफी पसंद आ रहा है। इसे पहले भी आलिया और रणवीर सिंह गली बॉय फिल्म में साथ नजर आ चुके हैं। लोगों को दोनों की जोड़ी काफी पसंद आई थी। बात करें, रणीवीर सिंह की तो वो आखिरी बार रोहित शेट्टी की फिल्म सर्कस में नजर आए थे। वहीं आलिया भट्ट मां बनने के बाद कमबैक कर रही हैं।

# अल्लू अर्जुन ने खुद लीक किया पुष्पा-2 द रूल का डायलॉग

**नई दिल्ली, एजेंसी।** साउथ फिल्मों के दमदार स्टार अल्लू अर्जुन के चाहने वालों की कमी नहीं है। एक्टर की तस्वीरें वीडियो सोशल मीडिया पर आते ही झट से वायरल हो जाते हैं। ऐसा ही एक बार फिर देखने को मिला, जब पुष्पा फेम एक्टर का एक वीडियो तेजी से वायरल हो गया। इस वीडियो में एक्टर खुद अपनी अपकमिंग फिल्म पुष्पा-2 द रूल का डायलॉग लीक करते नजर आए। आप भी इस बात को सुनने के बाद हैरान हो रहे होंगे? इसलिए ही हम आपके लिए इसका वीडियो भी लेकर आए हैं।

## इवेंट में अल्लू अर्जुन बने पुष्पा

दरअसल, अल्लू अर्जुन ने अपनी मोस्ट अवेटेड फिल्म पुष्पा 2 द रूल का डायलॉग जानबूझकर लीक नहीं किया। हाल ही में एक इवेंट में पहुंचे थे, जहां उन्हें पुष्पा 2 द रूल के एक डायलॉग का खुलासा करते देखा गया। ऐसा उन्होंने अपने फैंस को खुश करने के लिए किया। अल्लू अर्जुन बेबी की एप्रिसिएशन मीटिंग में मौजूद थे, जिसमें आनंद देवरकोंडा, वैष्णवी चैतन्य और विराज अश्विन लीड रोल में है।

## इस वजह से बताया डायलॉग

पुष्पराज उर्फ अल्लू अर्जुन ने इवेंट में स्पीच दी और अपनी अपकमिंग फिल्म पुष्पा 2 द रूल का एक डायलॉग बोला। दरअसल, आइकन स्टार से उनकी अपकमिंग फिल्म की एक छोटी सी झलक देने के लिए कहा गया था और अल्लू अर्जुन ने



फिल्म का डायलॉग बोलते हुए कहा, ईदंथा जारिगेदी ओकाते रूल मीडा जारुगुतानादादी, पुष्पा गाडी रूल। ये सुन इवेंट में मौजूद फैंस जोश में आ गए। निश्चित रूप से फैंस पुष्पा 2¬द रूल में अल्लू अर्जुन को पुष्पराज के रूप में वापस एक्शन में देखने के लिए बेताब हैं।

## फैंस को है फिल्म का इंतजार

पुष्पा 2 द रूल तब से सुर्खियों में है, जब निर्माताओं ने बड़े पैमाने पर पहला पोस्टर जारी किया था, जो छोटे शहरों से लेकर मेट्रो शहरों तक देश के लगभग हर क्षेत्र में पहुंचा। ये फिल्म सुकुमार द्वारा निर्देशित है। इसमें रश्मिका मंदाना और फहद फासिल भी हैं। फिल्म का निर्माण माइथ्री मूवी मेकर्स द्वारा किया गया है और यह अगले साल रिलीज होगी।






“ प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में मध्यप्रदेश सरकार के प्रयासों और किसानों के परिश्रम से सिंचित हमारा प्रदेश कृषि क्षेत्र में बेमिसाल प्रदेश बनकर उभरा है ”

# हर कदम पर अन्नदाता के साथ

## प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना

किसानों को कृषि कार्य में आर्थिक मदद देने के उद्देश्य से केंद्र एवं राज्य सरकार की ओर से सालाना ₹12 हजार की सहायता।
84 लाख किसानों को ₹18,741 करोड़ की मदद दी गई

## मुख्यमंत्री कृषक ब्याज माफी योजना

11 लाख से अधिक डिफॉल्टर किसानों का
₹2 हजार 123 करोड़ का ब्याज माफ किया गया

## प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना

प्राकृतिक आपदा में आर्थिक नुकसान होने पर
1.74 करोड़ किसानों को ₹27,626 करोड़ के क्लेम मिले हैं

## शून्य ब्याज पर ऋण

0% ब्याज पर ₹49,460 करोड़ के कृषि ऋण दिए गए

## विशेष प्रोत्साहन योजना

प्र-संस्करण को प्रोत्साहित करने के लिए मशीन खरीदने पर अनुदान तथा ग्रामीण युवाओं को कस्टम हायरिंग केंद्र खोलने के लिए सहायता

## प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना

जैविक खेती, डेयरी फार्मिंग व फूड प्रोसेसिंग में किसान परिवारों के युवाओं को कृषि में आधुनिक तकनीकों के उपयोग, साथ ही स्व-रोजगार के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है।
6 हजार से अधिक युवाओं ने लिया प्रशिक्षण

## क्रेडिट कार्ड

- 74.11 लाख किसान क्रेडिट कार्ड
- 2.44 लाख पशुपालन क्रेडिट कार्ड
- 80 हजार मछलीपालन क्रेडिट कार्ड

# खेती के लिए भरपूर बिजली



## सोलर पम्प

खेतों में निर्बाध पानी के लिए मुख्यमंत्री सोलर पम्प योजना में किसानों को 115 करोड़ रुपये का भुगतान। सिंचाई पर होने वाले बिजली व्यय पर मिली राहत

## स्वयं का ट्रांसफार्मर

स्थाई सिंचाई पम्प कनेक्शन के लिए किसानों को स्वयं का ट्रांसफार्मर लगाने की सुविधा

## अटल कृषि ज्योति योजना

- ₹750 प्रति हॉर्सपावर प्रति वर्ष 10 हॉर्सपावर तक अनमीटर्ड स्थाई कृषि कनेक्शन
- 10 हॉर्सपावर से अधिक पर ₹1500 प्रति हॉर्सपावर प्रति वर्ष की फ्लैट दर
- वर्ष 2023-24 में मिलेगी ₹12,687 करोड़ की सब्सिडी



एग्रीकल्चर इन्फ्रास्ट्रक्चर फंड में लगभग ₹4 हजार 50 करोड़ के प्रकरण स्वीकृत कर मध्यप्रदेश देश में पहले स्थान पर



- राज्य प्राकृतिक कृषि बोर्ड गठित, प्राकृतिक खेती में प्रदेश सबसे आगे
- 97 हजार किसानों ने 1 लाख 86 हजार हेक्टेयर पर प्राकृतिक खेती के लिए कराया पंजीयन



406 चलित पशु चिकित्सा एम्बुलेंस प्रारंभ
टोल फ्री नंबर 1962 पर

M.P. FARM GATE

किसानों को घर बैठे उपज बेचने के लिए
259 मंडियों में एमपी फार्मगेट एप

D-11066

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी